हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 14 जुलाई 2024



# राजगामी जमीन पर निगम ने फूंके 50 लाख, अब बर्ड पार्क के लिए निजी संस्था को देने की तैयारी


**नियम विरूद्ध तरीके से प्रक्रिया किए जाने की तैयारी, एमआईसी ने बिना जांच कर दिया पास**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा राजगामी संपदा की गौरवपथ स्थित जमीन पर कब्जा कर यहां बर्ड पार्क के नाम पर 50 लाख रुपए किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। निगम ने राशि खर्च को करने के पहले न तो राजगामी संपदा से कभी इस जमीन की विधिवत मांग की और न ही राजगामी संपदा ने इस जमीन को नगर निगम देने का निर्णय लिया। निगम ने पिछले तीन साल पहले इस जमीन पर कब्जा कर यहां ऐसा बर्ड पार्क बनाया, जहां पक्षियों ने भी आने से तौबा कर लिया। निगम की एमआईसी ने अब नियम विरूद्ध ढंग से इस बर्ड पार्क को निजी संस्था को सौंपने का निर्णय लिया है। जिसका व्यापक पैमाने पर विरोध भी शुरू हो गया है।

### निगम की जेसीबी और पौधे, खर्च हो गए 50 लाख

बर्ड पार्क के निर्माण काम में निगम की जेसीबी का उपयोग किया गया है। वहीं समाजसेवियों से फंड लेकर निगम द्वारा खरीदे गए पौधों को यहां रोपित किया गया था। सभी काम निगम के जरिये किया गया और इसकी आड़ में पचास लाख रुपए का भुगतान ठेकेदार को किए जाने की भी शिकायतें सामने आई है।



### फारेस्ट महकमे से परहेज क्यों?

राज्य के फारेस्ट महकमे ने दुर्ग जिले सहित कुछ जिलों में बर्ड पार्क की स्थापना की है। फारेस्ट महकमे के पास हर साल पर्याप्त बजट भी आता है। ऐसी स्थिति में गौरवपथ स्थित बर्ड पार्क को वन विभाग को सौंपे जाने के बजाय निजी संस्था को देने के औचित्य पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### आंदोलन की भी चेतावनी

वार्ड पार्षद ऋषि शास्त्री ने बर्ड पार्क को निजी संस्था को सौंपे जाने के निर्णय को अवैधानिक बताते कहा है कि वे इस मामले में शीघ्र ही भूख हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि निगम ने यहां पचास लाख रुपए खर्च किए हैं। उन्होंने इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए वन विभाग को दिए जाने की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम ने गौरवपथ में स्थित राजगामी संपदा की जमीन में पिछले तीन साल पहले बिना अनुमति के ही बर्ड पार्क का निर्माण किया था। इस प्रोजेक्ट में निगम ने पचास लाख रुपए की राशि खर्च की थी। बताया जाता है कि निगम ने नियम विरूद्ध ढंग से राजगामी संपदा की जमीन पर निर्माण कराया है। बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण के लिए मिली राशि को आनन-फानन में यहां खर्च होना दिखाया गया है। बर्ड पार्क में पचास लाख रुपए फूंकने के बाद पिछले दो सालों से यहां एक भी पक्षी नहीं पहुंचे हैं। पूरा परिसर उजाड़ हो चुका है। सूत्रों ने बताया कि नगर निगम ने अब इस बर्ड पार्क को शहर की एक निजी संस्था को सौंपे जाने की तैयारी शुरू कर दी है। मजे की बात यह है कि राजगामी संपदा की

⏩ शेष पेज 12 पर

## स्कूलों की मरम्मत के लिए दो साल में आए 22.47 करोड़

# दो सालों में साढ़े 14 करोड़ खर्च के बाद भी 157 स्कूलों में काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की स्कूलों में मरम्मत कार्य के लिए शासन की तरफ से मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत आई रकम को लेकर अब जांच शुरू कर दी गई है। जिले में इस योजना के तहत दो सालों में 22.47 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। इस राशि से 424 स्कूलों में मरम्मत का काम कराया जाना था, लेकिन साढ़े 14 करोड़ रुपए खर्च होने के बाद भी जिले की 157 स्कूलों में मरम्मत का काम पूरा नहीं हो पाया है। इधर इस बीच अब शासन ने भी 15 जुलाई तक इस मामले में जिलों से रिपोर्ट मंगाई है। ऐसे में शिक्षा विभाग अब अपनी रिपोर्ट तैयार करने में जुट गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य गठन के 24 बरस बाद भी आज अंचल में कई ऐसी स्कूलें हैं, जहां अच्छे भवन नहीं होने के चलते विद्यार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार ऐसी स्कूलों की स्थिति सुधारने के लिए शासन हर साल फंड भी जारी करता आया है। इस बार भी 107 स्कूलों के लिए मरम्मत कराने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत राशि जारी की गई थी। सीएम के निर्देश पर शासन द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यों की जांच कर 15 दिनों के भीतर लोक शिक्षण संचालनालय को रिपोर्ट सौंपने कहा गया है।



### इस प्रारूप में देंगे रिपोर्ट

शासन की तरफ से सभी जिला कलेक्टरों को पंद्रह दिनों के भीतर यह रिपोर्ट सौंपने कहा गया है। आदेश में कलेक्टरों को निर्धारित प्रारूप में शाला का नाम, स्वीकृत कार्य, स्वीकृत राशि, कार्य की भौतिक स्थिति, लागत, औचित्य एवं आवश्यकता, गुणवत्ता के संबंध में रिपोर्ट देने को कहा गया है। ऐसे में अब जिले में भी इस अनुसार रिपोर्ट तैयार करने का काम शुरू कर लिया गया है।

### कार्रवाई के आदेश

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कलेक्टरों को प्रेषित पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि योजना के तहत स्वीकृत कार्यों के लिए विभाग द्वारा पूर्व में राशि जारी की गई थी। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर शासन को शिकायतें मिली है। उन्होंने सभी कार्यों की अद्यतन स्थिति की जांच कराने के निर्देश और गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिले में भी अधिकांश कामों में गुणवत्ता अनुसार काम नहीं होने की लगातार शिकायतें सामने आई है।

### 424 स्कूलों के लिए काम स्वीकृत

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बीते दो सालों में स्कूलों की मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत कुल 22.47 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। इससे 424 काम कराए जाने थे। इनमें से अब तक 258 काम पूरा हो गया है। वहीं 157 काम अधूरे व 9 काम शुरू नहीं हो पाए हैं। विभाग के अनुसार स्कूलों की मरम्मत में अब तक 14.50 करोड़ रुपए की राशि खर्च कर दी गई है। अब तक शुरू नहीं हो पाए 9 कामों में सात काम पिछले साल स्वीकृत हुए थे।

# एमपी निर्मित शराब की जगदलपुर सप्लाई, बीच रास्ते पकड़ाया तस्कर

**बैतूल से कार में भरकर ला रहा था 22 पेटी शराब**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कोडा कार में मध्यप्रदेश निर्मित शराब को अवैध रूप से बैतूल मध्यप्रदेश से जगदलपुर बस्तर ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने नाकाबंदी कर कार को पकड़ा।

जिससे एक लाख साढे छब्बीस हजार रुपए की शराब बरामद की गई है। वहीं इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 13 जुलाई को पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि नागपुर की ओर एक सफेद रंग की स्कोडा कार में भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखकर रायपुर की ओर ले जा रहा है।

### बाईपास रोड में पुलिस ने की नाकाबंदी

सूचना पर घटनास्थल सीआईटी बाइपास से कन्हारपुरी जाने वाली रोड के पास घेराबंदी कर उक्त वाहन को पकड़ा गया। वाहन चालक ने अपना नाम व पता शेख आमिर पिता शेख हासिम 28 साल निवासी अटल आवास पेंड्री थाना लालबाग बताया। चेक करने पर वाहन के अंदर अवैध रूप से मध्यप्रदेश राज्य निर्मित 22 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब मिली। अंग्रेजी गोवा शराब कुल 1100 पौवा कीमती 126500 रुपए, एक स्कोडा कार कीमती 5 लाख रुपए व दो नग मोबाईल जुमला कीमती 6 लाख 26 हजार 500 रुपए को पुलिस ने जब्त किया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ पर उक्त शराब को बैतूल मध्यप्रदेश से जगदलपुर बस्तर ले जाना बताया गया है।

### कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

ज्ञात हो एसपी मोहित गर्ग के निर्देश पर लगातार शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत पाए जाने से धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

# महापौर के वार्ड में गड्ढा, नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन

**शिकायत के बाद भी नहीं सुधरे हालत, अब चक्काजाम की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली क्षेत्र में लगभग दो-ढाई माह पूर्व पाईप लाईन सुधारने के लिए मुख्य सड़क के बीच खोदे गए गड्ढे की मरम्मत नहीं किए जाने के चलते भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के साथ वार्ड के लोगों ने महापौर और निगम प्रशासन के खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन कर चक्काजाम की चेतावनी दी है।



नगर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाए गए पाईप लाईन की मरम्मत किए जाने को लेकर लगभग ढाई माह पूर्व चिखली रोड के बीचो-बीच डिवाईडर के बगल से ही एक बड़ा गड्ढा कर दिया गया। पाईप लाईन की मरम्मत तो हो गई, लेकिन गड्ढे को महज मिट्टी से ही पाट दिया गया और इस व्यस्ततम सड़क की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया। वहीं सड़क के बीच इस बड़े से गड्ढे को ऐसे ही छोड़ दिया गया। नगर निगम की लापरवाही और चिखली वार्ड में ही रहने वाली महापौर के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा यहां सांकेतिक प्रदर्शन कर निगम प्रशासन और महापौर को चेतावनी दी गई है। वार्ड के लोगों ने इस गड्ढे के समीप बैठकर विरोध प्रकट किया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्यों ने बताया कि लगभग 2 महीने पूर्व गड्ढे की वजह से हादसे में दो युवकों की जान भी चली गई है। इसके बाद भी समतलीकरण कर सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। जबकि यह गड्ढा सड़क के बीचो-बीच खोदा गया है। उन्होंने कहा कि अभी सांकेतिक रूप से प्रदर्शन किया जा रहा है। अगर दो दिन के भीतर सोमवार तक मरम्मत कार्य नहीं किया गया तो वार्डवासियों के साथ मिलकर इस रोड पर चक्काजाम किया जाएगा।

### गड्ढे में फंस रहे वाहन

सड़क के बीच पाईप लाईन मरम्मत के लिए गड्ढा खोदने के बाद भी मरम्मत स्थल पर पुनः सड़क निर्माण नहीं किया गया और महज दो स्टापर रख दिया गया है। बारिश के चलते मिट्टी गीली हो जाती है और बड़े वाहन इसमें फंस जाते हैं। जिसकी वजह सड़क पर घंटों जाम भी लग जाता है। दो-तीन दिन पूर्व ही यहां पर एक ट्रक के फंस जाने के चलते जाम लग गया था।

### महापौर के आवागमन का मार्ग

चिखली की ओर से नगर निगम की ओर आने वाली इस सड़क से महापौर प्रतिदिन होकर गुजरती है। महापौर के निवास से प्रभावित सड़क की दूरी लगभग 6-7 सौ मीटर होगी। इसके बाद भी इस सड़क की मरम्मत नहीं किया जाना निगम अधिकारियों की बेपरवाही और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का साफ उदाहरण है।

### मुख्य मार्ग की दुर्दशा

राजनांदगांव से खैरागढ़ जाने के लिए चिखली रोड एक मुख्य मार्ग है। यहां से प्रतिदिन दर्जनों बसें और ट्रकों के साथ सैकड़ों वाहन गुजरती है। इसके बावजूद सड़क के बीच खोदे गए इस गड्ढे को लेकर नगर निगम प्रशासन की लापरवाही साफ दिखाई दे रही है। महापौर के वार्ड में इस तरह की लापरवाही के चलते आवागमन में दिक्कत होने के साथ ही हादसे का खतरा हर पल बना हुआ है।

# युवती से कुकर्म आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** सोशल मीडिया में दोस्ती करने के बाद शादी का प्रलोभन देकर युवती से कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 जुलाई को एक युवती के थाना आकर एक लिखित शिकायत आवेदन पेश की। आरोपी धर्मेन्द्र राठौर पिता जयवीर राठौर 18 वर्ष निवासी शिक्षक नगर वार्ड नं. 12 से वर्ष 2023 में मोबाईल में इंस्टाग्राम के माध्यम से जान- पहचान और बातचीत शुरू हुई। उसके बाद प्रार्थिया को आरोपी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया गया कि रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 376 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदशन में टीम बनाकर आरोपी धर्मेन्द्र राठौर 18 वर्ष निवासी शिक्षक नगर वार्ड नं. 12 की पतासाजी कर 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर त्वरित कार्रवाई करते न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, उप निरीक्षक देवदास भारती, महिला प्रधान आरक्षक सुषमा सोनकर, महिला आरक्षक पेमिन कतलम, आरक्षक पारख साहू एवं आरक्षक संतोष महिपाल की भूमिका सराहनीय रही।

# आधी रात सराफा दुकान का ताला तोड़कर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- सोने व चांदी के आभूषण किए पार
- सीसीटीवी के फुटेज से ढूंढ रहे सुराग

गैंदाटोला के बाजार चौक में स्थित एक ज्वेलरी दुकान का आधी रात ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। चोरी की इस घटना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदात से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है। बीती रात जिले के गैंदाटोला के बाजार चौक में स्थित न्यू महाराज ज्वेलर्स में आधी रात चोरों ने दबिश दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक चोर शटर में लगे ताले को तोड़कर दुकान में प्रवेश किए और यहां रखे चांदी एवं सोने के जेवरात सहित नगदी रकम को चोरी कर फरार हो गए।

### चोरों की हरकत सीसीटीवी में कैद

बताया गया कि सुबह इस घटना की जानकारी होने पर आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर मौके पर साइबर सेल एवं गैंदाटोला की पुलिस पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अज्ञात चोरों की हरकत सीसीटीवी के कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस को इस वारदात में बाहरी गिरोह की आशंका है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में सरगर्मी से जुटी हुई है।

## सड़क किनारे लगे ठेले खोमचे हटाने कार्रवाई

**राजनांदगांव।** यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने की दृष्टि से यातायात पुलिस ने सड़क किनारे लगने वाले ठेले खोमचे को हटाने की कार्रवाई अभियान छेडा है।

यातायात पुलिस एवं एनएचआई टीम द्वारा शहर के मनोकामना से आरके नगर बर्फानी आश्रम तक रोड के किनारे खडे होकर ठेले-खोमचा में फल बेचने वालों को हटाने का अभियान चलाया गया। साथ ही ठेला-खोमचा लगाने वालों को सड़क किनारे नहीं लगाने की हिदायत दी गई। यातायात पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें।

# नर्सिंग में नौकरी लगाने के नाम पर 90 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अधिकारियों से अच्छा संबंध होने का हवाला देते एएनएम नर्सिंग में नौकरी लगा देने का झांसा देकर आरोपी ने प्रार्थी से 90,000 रुपए की ठगी कर ली। इस मामले की रिपोर्ट चिखली चौकी में दर्ज कराई गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शिक्षक नगर स्टेशनपारा निवासी प्रार्थी संजय यादव ने चिखली चौकी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसका बसंतपुर निवासी शशीकांत देवांगन जो पत्रकारिता का काम करता है से अच्छी जान-पहचान हो गई थी। इस दौरान आरोपी शशीकांत देवांगन ने प्रार्थी से कहा कि वह उसकी पत्नी चंद्रप्रभा यादव को एएनएम नर्सिंग रायपुर मेकाहारा में नौकरी लगवा देगा। वहां के अधिकारियों से उसके अच्छे संबंध हैं, जिस पर प्रार्थी ने आरोपी को कुल 90,000 रुपए नौकरी लगाने के नाम पर एडवांस राशि के रूप में दिया।

### राशि लौटाने टालता रहा

कुछ समय बाद जब प्रार्थी की पत्नी को नौकरी नहीं लगी तो वह एडवांस दिए राशि को वापस मांगा, लेकिन आरोपी राशि वापस करने में टालता रहा। इस बीच प्रार्थी की पत्नी को बीमारी हो गई और उसका निधन हो गया, लेकिन आज तक नौकरी लगाने के नाम पर लिया गया पैसा को वापस ना कर धोखाधड़ी किया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।






### कार्रवाई से रेत माफिया सकपकाया, शासन को नुकसान

# बगदई से रेत की चोरी, पांच वाहन जब्त

## अंचल की नदियों को खोखला कर रहे रेत के कारोबारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अधिकारियो और जन प्रतिनिधियों के संरक्षण में चल रहे रेत के खेल का खुलासा तब हुआ ज़ब नगर पंचायत अध्यक्ष और सीएमओ ने शनिवार को निकटवर्ती बगदाई नदी में दबिश दिया। मौके से पांच वाहनों को रेत लोड करते हुए जप्त कर थाने में खडे.करवा दिया गया है।

जानकारी के अनुसार पूरे क्षेत्र में रेत का खेल काफ़ी समय से चल रहा है। पहले कांग्रेस के लोग रेत सप्लायरों के साथ पाटनरशिप कर रहे थे। सत्ता परिवर्तन के बाद इस धंधे में भाजपा के लोग शामिल हो गए हैं। बताया जाता है कि भाजपा के लोगों ने आपस में यह तय कर रखा है कि कौन किस नदी में रायल्टी वसूल करेगा। जानकारी के अनुसार बगदई, मटिया, दर्री, साल्हे, पैरी, रातापायली सहित अन्य स्थानों से रेत की निकासी करवा कर प्रति ट्रीप 500 रुपए रायल्टी वसूल किया जा रहा है।

### यह वाहन हुए जब्त

जानकारी के अनुसार बगदई नदी से रेत के अवैध खनन की लगातार शिकायत मिलने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद और सीएमओ डीएस पाल ने शनिवार को सुबह दबिश दिया। उन्होंने रेत लोड कर रहे वाहन क्रमांक सीजी 08 बी 2219, सीजी 09 बी 1456, सीजी 09 बी 15*4, सीजी 09 एल 0237 और सीजी 08/ 3493 को जप्त करते हुए थाने में खड़े करवा दिया है।





### कार्रवाई जारी रहेगी

रेत के अवैध धंधे में भाजपा के लोगों की संलिप्तता दुर्भाग्यजनक है। रेत के अवैध खनन और भंडारण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा औ जहां से भी शिकायत मिलेगी वहां कार्रवाई किया जाएगा।

- **हीरा निषाद**, अध्यक्ष

### अधिकारियों ने मुंह फेरा

विभिन्न प्रशासनिक कार्यालय और थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित घुमरिया नदी में बकायदा रैम्प बनाकर रेत की निकासी काफ़ी समय से किया जा रहा है। इसी प्रकार मटिया और दर्री एनिकट के पास से सैकड़ो ट्रीप रेत नेताओं के संरक्षण में पार कर दिया गया है। हैरानी वाली बात यह है कि एक भी रेत खदान के स्वीकृत नहीं होने के बाद रेत का परिवहन बेरोकटोक होते रहता है। जानकारी के अनुसार रेत निकासी का खेल सुबह 4 बजे के आसपास शुरू होता है जो कार्यालय खुलने तक जारी रहता है। क्षेत्र की विभिन्न नदियों से रेत की निकासी होने के बाद भी अधिकारियो ने चुप्पी साध रखा है। बताया जाता है कि हाल के महीनों ने रेत के कारोबार से जुड़े लोगों ने कुछ लोगों ने 10 से लेकर 50 हजार तक की उगाही किया था। इस उगाही के बाद उन्ही वाहनों को टारगेट कर कार्रवाई किया जाता है जिन्होंने मांग के अनुरूप रकम नहीं दिया है।

# अविश्वास प्रस्ताव गिरा भाजपा की किरकिरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका के चुनाव के 6 माह पहले भाजपा ने वर्तमान पालिका अध्यक्ष को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया था जो टांय टांय फिस्स हो गया है। प्रस्ताव ध्वस्त होने के साथ ही भाजपा में आपसी तालमेल की कमी खुलकर सामने आ गई। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर हुए मतदान में भाजपा के 12 पार्षदों के अलावा दो निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा का साथ दिया। वहीं कांग्रेस के 9 पार्षदों में अध्यक्ष को 8 पार्षदों का समर्थन मिला इसके बाद भी भाजपा की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

### भितरघात की अटकलें

12 जुलाई हुए मतदान में जहां कांग्रेस को एक वोट का नुकसान हुआ है वही भाजपा को 2 निर्दलीय पार्षदों का समर्थन के साथ एक अतिरिक्त वोट का फायदा हुआ। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के 3 पार्षद भाजपा के साथ खडे थे तो भाजपा के 2 पार्षदों ने कांग्रेस का साथ देकर भाजपा का समीकरण बिगाड़ दिया। भाजपा अपने पार्षदों पर अब भी भरोसा जता रही है वहीं कांग्रेस 9 पार्षद होने के बाद भी 8 मत मिलने पर पार्टी स्तर पर षडयंत्र की बात कहते हुए जांच की बात कह रही है।

## शिविर में शामिल हुए जंघेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

बकरकट्ठा में शनिवार को जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने शामिल होकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजना से वाकिफ कराते हुए लाभ लेने प्रेरित किया।

## बैठक में छात्रों के अनुशासन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका



हायर सेकेंडरी स्कूल बड़े टेमरी में प्रभारी प्राचार्य नीलिमा ठाकुर ने शाला विकास प्रबंधन समिति की बैठक ली। इस दौरान शाला परिसर में पौध रोपण किया गया। बैठक में शाला विकास, संधारण एवं अनुशासन पर विचार किया गया। सदस्य योगेश साहू ने अनुशासन पर चिंता व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के यूनिफॉर्म में आने के लिए सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कमला कुलदीप, आशा शर्मा, श्वेता मौर्य, नीलम, विकास सुखदेवे, ज्ञानेश्वर हरमुख, राधेश्याम हरमुख, ओंकेश्वर हरमुख, योगेश साहू, रवि हरमुख, जयप्रकाश हरमुख, नंदलाल देशमुख, एमएल हरमुख, मेघराज बेर आदि शामिल हुए।




### स्कूल, आंगनबाड़ी में पौधारोपण

**चिचोला।** स्कूल परिसर और आंगनबाड़ी केन्द्र रंगीटोला में गत दिनों पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच अतीश सिन्हा, उपसरपंच भावेश सिन्हा, सचिव चिंताराम सेवता, महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सौम्या चौबे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विभा सिन्हा, सुनीता सिन्हा, सोहन कुंजाम आदि शामिल हुए। सरपंच सिन्हा ने कहा कि भविष्य को देखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने कहा।

## गांव-गांव में सघन पौधारोपण अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान के तहत ग्राम पंचायत में महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी बीरेन्द्र साहू एवं पर्यवेक्षक के आदेश अनुसार कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू, जनपद सदस्य मोहनीश साहू, सरपंच द्रोपती साहू, उप सरपंच हरिचरण सोनी, डॉ मधु बंछोर, श्री अग्रवाल, प्राचार्य श्री शर्मा, लीलाधर देवांगन, पंचायत सचिव अनिल कुमार, लता भगत, हसीना बेगम, दीना सोनकर शामिल हुए। इस दौरान पौध रोपण किया गया।

### जन्मदिन के मौके पर सभी लगाए पौधे

**छुईखदान।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने सेनानी अनन्त नारायण दत्ता के मार्गदर्शन में सहायक सेनानी दीदार शेख ने नक्सली प्रभावित मलैदा में कटहल के पौधे लगाकर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान बल के जवानो को वृक्षारोपण का महत्व और उपयोगिता के बारे में समझाया गया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने के बाद उसकी सुरक्षा की जिम्मेवारी भी लेनी चाहिए। उन्होने सभी जवानों से अपने एवं सगे-संबंधियो के जन्म दिन के अवसर पर एक पौधा लगाने कहा। मलैदा कैम्प के आसपास गाँवो में 700 से भी अधिक पौधे लगाने की योजना है।

### दो पौधे हर साल लगाने का संकल्प



**रामाटोला।** स्थानीय ग्राम पंचायत की सरपंच चित्रलेखा मंडावी के पति लाकेश मंडावी ने तालाब किनारे पौधे लगाया। उन्होंने हर वर्ष दो पौधा लगाने और संरक्षित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से पौधे लगाने की अपील की है।

## सार समाचार

### अय्युब खान दूसरी बार बने सदर



**खुज्जी।** करेठी स्थित जामा मस्जिद में 6 जुलाई को मुसलमानों की मीटिंग रखा गया। मीटिंग में सर्वसम्मति से अय्युब खान कौ सदर, सलामत खान को सचिव चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य में अनीश खांन,शेख मजीद,वहीद खान, महमूद खान, जहीर खान को नियुक्त किया गया।

### न्योता भोज का आयोजन



**खुज्जी।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तेंदुनाला में शाला प्रबंधन समिति ने पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए सोमवार को न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चो को खीर, पुरी, सलाद, पापड़ खिलाया गया। इस मौके पर संकुल प्राचार्य हंसराज सोनपिपरे, धर्मेंद्र साहू, कौशल साहू, लेखु सिन्हा, निराशा लाउत्रे, भुनेश्वरी साहू, लाकेशवारी सिन्हा, माधुरी नेताम, सुनीता ठाकुर, लीमन ठाकुर, अंजलि ठाकुर, सुरेखा बावरिया, सोहन साहू, अवशेष गुप्ता, स्मृति, कृष्ण कुमार साहू मौजूद थे।

### मवेशियों का टीकाकरण



**चिचोला।** मवेशियों को बरसाती बीमारियों और संक्रमण से बचाने के लिए पशु चिकित्सा विभाग द्वारा गाँव गांव में टीकाकरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जानवरों में दिनों गलघोटू और टंगिया बीमारी होती है। गलघोटु से गले मे सूजन आ जाती है। टंगिया बीमारी होने से जानवरो को चलने फिरने में तकलीफ होती है। मवेशियों को रोगों से बचाने के लिए डॉ टीकम यादव, प्रेम साहू, दरोगा कंवर गाँव -गाँव जाकर टीका लगा रहे हैं । श्री यादव ने कहा कि जानवरों के स्वास्थ्य के लिए टीका लगाना जरूरी है।

### श्रद्धा से मनाया दीक्षा दिवस

**डोंगरगढ़।** आचार्य विद्यासागर महाराज के दीक्षा दिवस के अवसर पर कुर्रूभाठ स्थित हरविंदर सिंग मंगे के फार्म हाउस में गुरूपूजन का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने समाधि लेने के पूर्व अपना अंतिम समय इसी फार्म हाउस में बिताया था। ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति मे फार्म हाउस में भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आगम सागर महाराज, पुनीत सागर महाराज, धेर्य सागर महाराज, ट्रस्ट किशोर जैन, भाजपा नेता हरविंदर सिंग मंगे सहित अन्य शामिल हुए।

### कल के लिए जल बचाना जरूरी



**छुरिया।** महिला बाल एवं विकास विभाग ने जरहामाहका में जल संरक्षण जन जागरूकता, पोट्ठ लईका पहल, पालक चौपाल का आयोजन किया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने शामिल होकर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत पांच पौधों का रोपण किया गया। श्रीमती वैष्णव ने सभी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक एक पौधे अपनी मां के नाम लगाने का आव्हान किया। उन्होंने जल संरक्षण की जानकारी देने के साथ पालक चौपाल में मातृशक्ति से चर्चा किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मालती उईके, सरपंच घनश्याम साहू, परियोजना अधिकारी कमलावती मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे।

### साक्षरता कार्यक्रम में आएगी तेजी



**डोंगरगढ़।** बीईओ कार्यालय में गत दिनों जिला नोडल अधिकारी नितिन हिरवानी ने ग्राम पंचायत प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में 15 जुलाई तक शिक्षार्थी एवं स्वयंसेवी का डोर टू डोर सर्वे कर आनलाईन पंजीचन करने निर्देशित किया गया। बीईओ वीरेंद्र कौर गरचा ने वर्तमान आंकड़े पर फोकस करते हुए दिए गए लक्ष्य की प्राप्ति हेतु तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। विकास खंड स्त्रोत समन्वयक इनायत अली ने कार्य में प्रगति लाने प्रेरित किया। ब्लॉक नोडल मोहन साहू ने फील्ड एवं आनलाईन पंजीकरण में समस्या आने पर अवगत कराने और सामंजस्य बना कर कार्य करने कहा। बैठक में संकुल समन्वयक राजेन्द्र ठाकुर, अमृत दास साहू, राजेश राजेकर आदि मौजूद थे।

### निबंध 18 तक आमंत्रित

**डोंगरगढ़।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नेहरू महाविद्यालय में विकसित छत्तीसगढ़-मेरे सपने का खुशहाल छत्तीसगढ़ विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने बताया कि विद्यार्थी एवं स्टॉफ हिन्दी अथवा अंग्रेजी में 1500 से 2500 शब्दों में निबंध लिखकर 18 जुलाई तक जमा कर सकते हैं। निबंध मूल्यांकन समिति के मूल्यांकन बाद तीन सर्वश्रेष्ठ निबंध को अग्रणी महाविद्यालय में भेजा जाएगा।

### पैरावट में लगाया आग, अपराध दर्ज



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत चकनार के परेटन पटेल पिता समारू पटेल ने थाने में नर्मदा धरसा में रखे पैरा को जलाने की शिकायत किया था। उन्होंने जिवराखन लोधी निवासी खैरा नर्मदा के आग लगाने का उल्लेख अपनी शिकायत में किया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए गवाहों का बयान दर्ज किया था। शिकायत सही मिलने पर आरोपी के खिलाफ धारा 326 (एफ) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। जांचकर्ता को राजकुमार जंघेल ने बताया कि 7 जुलाई को अपरांह 3 बजे आरोपी जिवराखन लोधी को पैरावट में आग लगाते देखा था।

### जल संरक्षण का संकल्प

**ठेलकाडीह।** ग्राम सिंगपुर में जल शक्ति से नारी शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत जल संरक्षण की शपथ लिया गया। कार्यक्रम में पोट्ठ लइका पहल अंतर्गत पोषण संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद सदस्य गणेश राम साहू, सरपंच अनुसुइया वर्मा, उपसरपंच रामवतार सिन्हा, महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्वास्थ्य विभाग से पर्यवेक्षक शामिल हुई।

### मंदिर के सामने से वाहन की आवाजाही रोकने की मांग

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने दर्शनार्थियां की परेशानियों एवं सुरक्षा को देखते हुए नीचे बम्लेश्वरी मंदिर के सामने से भारी वाहनों का आवागमन बंद करने की मांग की है। ज्ञात हो कि सड़क निर्माण के दौरान नीचे मंदिर के सामने से भारी वाहनों का आवागमन रोकने पोल लगाया गया था। रणचंडी मंदिर के समीप तालाब का बाउंड्रीवाल बना रहे ठेकेदार ने नेहरू कालेज की ओर लगे पोल को निकलवा दिया था जिससे मंदिर के सामने से वाहनों की आवाजाही आरंभ हो गई। भारी वाहनों के गुजरने से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।



### भरूहाटोला स्कूल में बालसभा गठित

**मुरमुंदा।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के आदेशानुसार प्राथमिक शाला भरूहाटोला में बालसभा का गठन किया गया। कार्यकारिणी में प्रधानमंत्री तुषार साहू, शिक्षा मंत्री गीत साहू, खेल, संस्कृति एवं खाद्य मंत्री तानिया मंडावी, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री तुषार कंवर, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री करण वर्मा, सुरक्षा एवं जनसंपर्क मंत्री दामनी साहू को बनाया गया है। इसी प्रकार कक्षा पहली में गरिमा, दूसरी में डिम्पल, तीसरी में खेमन, चौथी में देवराज और पांचवी में नरोत्तम को कक्षा नायक बनाया गया है। चयनित बच्चों को प्रधान पाठक धनुषराम कंवर, संजीव चन्द्रवंशी ने बधाई दी है।

### तेज धूप से सूखने लगी फसल

**मुरमुंदा।** अषाढ़ माह के अंतिम पड़ाव तक क्षेत्र में अपेक्षित बारिश नहीं होने से खेतो में दरारें आने के साथ फसल सूखने लगी है। क्षेत्र में मानसूनी बारिश ने समय पर दस्तक तो दिया किन्तु अब तक पर्याप्त बारिश नहीं हो पाई है। धान की बोनी और रोपा लगाने के बाद खेत में पानी का पर्याप्त भंडारण नहीं होने से दरारें आने लगी है। किसानों ने बताया कि वर्तमान में पानी की सख्त जरूरत है लेकिन बारिश नही होने से खेत सूखे नजर आ रहे हैं। तेज धूप से धान के पौधे पीले होने लगे हैं और कम पानी के चलते कई खेतों में लगी फसल सूखने लगी है। धान की बढ़वार भी थम गई है। जिन किसानों के पास ट्यूबवेल की सुविधा है वह रोपा लगा रहे हैं किन्तु मानसून के भरोसे खेती करने वाले किसान चिंतित दिखाई देने लगे है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम मुड़पार, जामरी, डुंडेरा, रेगाकठेरा, मुंदगांव, पिपरिया कुरुभाट के खेतो में दरार ज्यादा देखा जा रहा है।

### छात्र परिषद का गठन

**जेवरतला रोड।** बालक पूर्व माध्यमिक शाला पिनकापार में छात्र परिषद का गठन किया गया। कार्यकारिणी में शाला नायक देवेंद्र कुमार, उप शाला नायक फिरोज कुमार, सचिव लोकेन्द्र कुमार, क्रीड़ा सचिव रुपेश हिमांशु, कक्षा नायक छठवीं डुमेन्द्र, सातवीं थमेश कुमार, आठवीं मेहुल है। गठन के दौरान प्रधानपाठक धनसिंह कोमार्य, शिक्षक रुकमसिंह देवांगन, हेमपुष्पा सुकदेवे मौजूद थे।

### नागतराई में शिशु भारती का गठन



**मुरमुंदा।** शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई में शिशु भारती का गठन किया गया। कक्षा सप्तम के आदित्य वर्मा को सेनापति एवं उमा गोस्वामी को उप सेनापति बनाया गया। अनुशासन प्रमुख प्रिंस ठाकरे उप प्रमुख दामिनी सिंहा, प्रार्थना प्रमुख कीर्ति साहू, उप प्रमुख सौरभ पटेल, क्रीड़ा प्रमुख यमन राज पटेल, उप प्रमुख कंचन, तेजस्वनी साहू, सांस्कृतिक प्रमुख निशा यादव, उप प्रमुख चेतन्य कदम, स्वच्छता प्रमुख हिमांशु सिंहा, उप प्रमुख लिसु सिन्हा और जल व्यवस्था प्रमुख राजकुमार एवं वासु यादव, बागवानी प्रमुख यश गोस्वामी, दुर्गा कुंजाम, चिकित्सा प्रमुख हेमंत ठाकरे एवं लुमन पटेल को बनाया गया है। सभी को प्रधानाचार्य एआर पटेल ने शपथ दिलाया।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082



## खबर संक्षेप



### युवाओं ने बांटे पौधे

**ठेलकाडीह।** बासुला के स्वंयसेवक तेजस्वी वर्मा आदि ने गत दिनों खुद के खर्चे से पौधे लाकर राजनांदगांव से ठेलकाडीह मार्ग, पदुमतरा बघेल बाड़ी चौक में वितरण किया। उन्होंने पौधे देकर सभी से लगाने कहा। इस दौरान कुंदन जंघेल, अनिल विश्वकर्मा, भूपेंद्र साहू, राजा साहू, बबली यादव, हर्ष जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### महरुमखुर्द में पौधरोपण



**ठेलकाडीह।** ग्राम पंचायत महरूम खुर्द में पंचायत प्रतिनिधि एवं शिक्षकों के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। सरपंच प्रतिनिधि यशवंत वर्मा ने सभी से पौधे लगाने का आव्हान किया। इस दौरान सरपंच इन्दु वर्मा, शिक्षक गंगा पटेल, योगेन्द्र कुर्रे, नवीन वर्मा, मनीषा, ललिता रावटे, देवशरण वर्मा, कँवल निषाद उपस्थित थे।

### वर्चुअल और भौतिक माध्यम से पक्षकारों को किया लाभान्वित

# नेशनल लोक अदालत में 600 प्रकरणों का त्वरित निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वावधान में तालुक विधिक सेवा समिति में नेशनल लोक अदालत के आयोजन मे अलग-अलग प्रकरण के पक्षकारों को भौतिक के अलावा वर्चुअल कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मामले में सुलह की सुविधा दी गई।

लोक अदालत का शुभारंभ पक्षकारों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। एडीजे चन्द्र कुमार कश्यप के कोर्ट में 18 प्रकरणों को पक्षकारों से सहमति उपरांत मामले का निपटारा कर उन्हें लाभान्वित किया गया। इनमें 11 दावा प्रकरणों में कुल अवार्ड राशि 9 लाख 32 हजार 855 रू., चार अदर सिविल केसेस में 12 लाख 95 हजार 363 और चेक बाउंस के तीन मामलों में 12 लाख 20 हजार में समझौता हुआ। वही प्री लिटिगेशन नगर पालिका खैरागढ़ के एक मामले में 2320 रुपए, बीएसएनएल के 11 केस में 18 हजार 141 रूपयों में आपसी निपटारा हुआ।

एसीजेएम विवेक गर्ग के कोर्ट में चेक बाउंस के 1 मामले में 1 लाख 23 हजार 500, ट्रैफिक चालान के 238 मामलों में 23 हजार 800 और वही कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 95 प्रकरणों में 68 हजार रूपए, एक अदर सिविल केसेस 90 हजार रू. की अवार्ड राशि पास हुआ वही 45 आपराधिक मामलों में समझौता हुआ। न्यायिक मजिस्ट्रेट फस्ट क्लास गुरुप्रसाद देवांगन के कोर्ट में चेक बाउंस के दो, एक अदर सिविल केस और ट्रैफिक चालान में 145 मामलों में 14 हजार 500 और वही कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 10 प्रकरणों में 8 हजार 5 सौ अवार्ड राशि पास हुआ।

राजीनामा करने हेतु तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा प्री सिटिंग की व्यवस्था भी की गई थी जहां लोगों को आपसी सुलह से राजीनामा करने के लिए प्रेरित किया गया। नेशनल लोक अदालत में कुल 600 केसों का निपटारा हुआ। इस दौरान व्यवहार न्यायालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया जिसमें एडीजे चन्द्र कुमार कश्यप, सीजेएम विवेक गर्ग, जेएमएफसी गुरु प्रसाद देवांगन,अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित अधिवक्ता शामिल हुए।



### शादी में गई महिला ने वीसी के माध्यम से किया राजीनामा

प्रकरण में आरोपी ओंकार साहू अपने अधिवक्ता सहित भुवेनश्वर वर्मा के साथ उपस्थित था वही परिवादी की ओर से अधिवक्ता सतीष सिंघानिया व मनोज चौबे उपस्थित थे जहॉ उनके द्वारा बताया गया कि परिवादी दीक्षा जैन वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने भाटापारा गई है, जिसके चलते उसका व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होना कठिन है, लेकिन राजीनामा को लेकर सहमत है। न्यायालय के निर्देशानुसार परिवादिनी दीक्षा जैन को वीसी के माध्यम से जोड़ा गया। उपरांत खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी एडीजे चन्द्रकुमार कश्यप द्वारा आवेदन को तस्दीक करने के उपरांत राजीनामा आवेदन को स्वीकार करते हुए आरोपी को आरोपित अपराध 1 धारा 138 परकाम्य अधिनियम से दोषमुक्त किया गया। नेशनल लोक अदालत सफल बनाने में संपूर्ण कोर्ट स्टाफ सहित पीएलवी गोलूदास साहू, छविराज, कला प्रजापति के अलावा सुलहकर्ता अधिवक्ता गिरिराज सिंह ठाकुर, विक्रम यदु, शत्रुघ्न वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, योगेश चंदेल, अमरलाल यादव, ज्ञानदास बंजारे, महेश साहू, रामकुमार जांगड़े, मिहिर झा, सूर्यदमन सिंह, संदीप दास वैष्णव, भुनेश्वर वर्मा, साबरा बानो, सुनीलकांत पांडेय, सुबोधकांत पांडये, रोशन वर्मा, अवधेश सिंह, विवेक कुर्रे, सुरेश ठाकुर, शिवेंद्र किशोर दास, एडी वर्मा, अरविंद शर्मा, कौशल कोसरे, नीरज झा, सर्वेश ओसवाल, एलएम जंघेल, घम्मन साहू, मनराखन देवांगन, सुरेश साहू, सत्यकला वर्मा का सहयोग रहा।

# बीमा राशि मिलने पर किसानों ने जताया सीएम का आभार



■ विक्रांत सिंह ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश भाजपा के निर्देश पर जिला भाजपा कार्यालय मे जिंप उपाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह ने आम लोगों की समस्या सुनकर उसके जल्द निराकरण का भरोसा दिया। लगभग चार घंटों तक कार्यालय में आमजनों सहित सामाजिक संगठन के लोगों ने विक्रांत सिंह से मुलाकात की। धनगांव पंचायत के ग्रामीणों ने पुल निर्माण की अपनी बहुप्रतीक्षित मांग की जानकारी देते हुए बताया कि सालों से वो आवाजाही में दिक्कत को लेकर आमनेर नदी में पुल निर्माण की मांग करते आ रहे है, लेकिन अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई है। उन्होंने जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंह को ज्ञापन सौपकर आमनेर नदी में पुल निर्माण की मांग से अवगत कराया। सिन्हा समाज के जिला अध्यक्ष दीनदयाल सिन्हा के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों ने समाज विकास को लेकर उनसे चर्चा की और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के संबंध में अपनी अपनी समस्या से अवगत कराया। शुरूआती बारिश में तेज हवा के चलते बिजली पोल गिर जाने की शिकायत को लेकर विक्रांत सिंह ने तत्काल विभागीय सम्बन्धित अधिकारियों को सुधार करने कहा।

### महतारी वंदन बन रहा सहारा

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मिलने पहुंचे विभिन्न गॉव के किसानों ने जिले में बीमा की राशि मिलने पर सीएम विष्णुदेव साय का आभार जताया। वही जिला कार्यालय पहुंची महिलाओं ने प्रदेश सरकार द्वारा हर महीने महतारी वन्दन योजना तहत मिल रहे 1 हजार रुपयों को लेकर सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि हर महीने महिलाओं को उनके बैंक खाते में सीधे राशि डालकर भाजपा सरकार बेहतर काम कर रही है इससे उन्हे परिवार के गुजर बसर मे अतिरिक्त सहायता मिल रही है। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार सभी वर्गों के उत्थान की दिशा मे लगातार काम कर रही है। समाज के सभी वर्गों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओ से जोड़ा जा रहा है। इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री रामाधार रजक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी, अनिल अग्रवाल, आलोक श्रीवास, राकेश ठाकुर, कोमल वर्मा, अनूपलाल वर्मा, केशव चंदेल, नेमसिंग वर्मा, राकेश वर्मा, जयप्रकाश साहू, मुकेश वर्मा सहित भाजपाई उपस्थित थे।

# निरक्षरों को अक्षर ज्ञान कराने चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सबके लिए शिक्षा कॉन्सेप्ट अंतर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम लाया गया है जिसके तहत 15 वर्ष से अधिक उम्र के निरक्षरों को साक्षर करने की पहल की जा रही है। जिला मिशन प्राधिकरण के कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं कलेक्टर एस जयवर्धन ने गत दिनों इस कार्यक्रम की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े सदस्य, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने कहा।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को विस्तार करते हुए सबके लिए शिक्षा कॉन्सेप्ट लाया गया है जिसके तहत उल्लास नवभारत कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिले में 6500 निरक्षरों की पहचान कर लिया गया है। निरक्षरों को साक्षर करने के लिए गांव एवं मोहल्ला में स्वयं सेवी शिक्षकों की पहचान की गई है। जानकारी के अनुसार 10वीं, 12वीं के विद्यार्थी 10 निरक्षरों को साक्षर करेंगे तो उन्हें माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 अंक बोनस दिया जाएगा।



### सितंबर में होगी परीक्षा

जुलाई एवं अगस्त में निरक्षरों को पढ़ाया जाएगा। सितंबर में परीक्षा आयोजित होगी जो बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर आधारित होगी। चिन्हित निरक्षरों को सिखाने और पढ़ाने के लिए प्रत्येक ग्राम में सामाजिक चेतना केंद्र की स्थापना की जा रही है। बैठक में परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, बीईओ राजेंद्र देवांगन, जिला नोडल दरवन बोगा, ब्लॉक नोडल केवल साहू, अंगद सलामे, ईश्वर पटेल, एबीईओ अरुण मरकाम आदि शामिल हुए।

## आंगनबाड़ी परिसर में पौधारोपण

**तुमड़ीबोड़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आव्हान ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में पौधरोपण ग्राम पंचायत एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में किया गया। आंगनबाड़ी परिसर में कटहल, जामुन, मुनगा, नींबू, अमरूद के पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर जनपद सदस्य भुनेश्वरी रोहित साहू, सरपंच टीकम पटेल, प्रीति साहू, ममता साहू, उनिता ठाकुर, सोनिया साहू, रामेश्वरी लहरे, उषा साहू, लता उइके, इन्द्रा साहू, दिलीप श्रीवास्तव, रमेश साहू, मोहन साहू, सचिव येवेंद्र कुमार साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता बोदेलकर, आचार्य उर्वशन साहू, श्रीवास्तव मेडम आदि मौजूद थे।

# आईटीबीपी ने शुरू किया पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विश्व पर्यावरण दिवस के दिन प्रकृति को सहेजने संवारने पीएम नरेंद्र मोदी के आव्हान एक पेड़ मॉ के नाम अभियान की शुरूआत आईटीबीपी मलईदा कैंप के जवानों ने धुर वनांचल में बसे गॉव भावे में पौधरोपण के साथ किया। आईटीबीपी 40 वाहिनीं बल सेनानी अनंत नारायाण दत्ता के मार्गदर्शन में सहायक सेनानी व मलईदा पोस्ट कमांडर दीदार शेख के नेतृत्व में जवानों ने भावे में पांच सौ से उपर फलदार व औषधिय पौधे रोपकर उनके संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया।

प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों सहित ग्रामीणों को पौधरोपण का महत्व और मानव जीवन में उपयोगिता को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पौधरोपण महज वन विभाग की जिम्मेदारी नही बल्कि हम सबका कर्तवय है कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी हिस्सेदारी निभाएं।



जन्मदिन पर एक पौधे रोपने और उसके पेड़ के रूप में परिवर्तन होने तक जिम्मेदारी उठाने की अपील करते हुए कहा कि समय की मांग है कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर हम सब अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करे, ताकि आने वाले बच्चों को आक्सीजन के लिए मशीन पर निर्भर ना होना पड़े। इस दौरान निरीक्षक गोविंद सिंह, उप निरीक्षक रामकिंकर सिंह, हॉक फोर्स के नितिन गुप्ता, प्राशा प्रपा धनंजय वर्मा, शिक्षक भूपेंद्र मंडावी, लखेश्वर पटेल, सरपंच साबित्री बरखड़े सहित बड़ी संख्या मे हिमवीर पदाधिकारी, जवान व ग्रामीण उपस्थित थे।

# अधिकार-कर्मचारी फेडरेशन की प्रांत स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राजधानी में आयोजित छग पंचायत राज अधिकारी/कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश स्तरीय बैठक मे जिलाध्यक्ष भागवत साहू शामिल हुए। पंचायत विभाग के करारोपण अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, जनपद/जिला संवर्ग के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे जिसमें फेडरेशन की प्रमुख मांग पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप तैयार करते तक रिक्त तक पदों पर भर्ती किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में संगठन को ज्यादा सशक्त व सुदृढ़ बनाने फेडरेशन का विस्तार जिला व ब्लॉक स्तर पर करने और संभाग स्तरीय बैठक रखने का भी निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू ने कहा कि प्रदेश मे पंचायती राज के तहत सभी कर्मचारी द्वारा अपने कर्तव्य का पालन करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन पंचायत संचनालय के अधीन कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का 1965 से अभी तक पदोन्नति नहीं किया गया है।

विभाग में कोई भर्ती अधिनियम नही है, कई सालों से भर्ती नहीं होने से पद रिक्त है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के सभी विभागो में पदोन्नति का सेटअप है जबकि पंचायत विभाग में कोई सेटअप नहीं है जबकि अन्य राज्यो मे पदोन्नति का प्रावधान है। पंचायत विभाग में पदोन्नति का सेटअप तैयार करते हुए रिक्त पद पर भर्ती को सरकार तक पहुंचाने का बैठक में निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रांतीय सचिव टीआर निर्मलकर, गजेश यदु महेंद्र साहू, कमलेश मिश्रा, लखेश्वर यादव, यशवंत आदिल, अमर धनकर, सचिन साहू, कमल साहू, अभिनंदन वैष्णव, शंभू साहू, नितेश वैष्णव, हेमंत साहू, श्रवण वर्मा, जिला अध्यक्ष भागवत साहू सहित रायपुर, बलौदा बाजार, गौरेला, कोरबा ,जांजगीर चांपा, दुर्ग, राजनांदगांव, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, जशपुर, सरगुजा, मोहला मानपुर, सारंगढ़, मोहला जिला अध्यक्षों सहित फेडरेशन के सदस्य उपस्थित थे।

## बचपन और किशोरावस्था जीवन का मजबूत आधार होता है : विप्लव

**खैरागढ़।** ग्राम पंचायत कलकसा के शासकीय प्राथमिक शाला में जिपं सभापति विप्लव साहू के मुख्य आतिथ्य में प्रवेश उत्सव और पेरेंट्स मीटिंग के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद उपाध्यक्ष मुरली सिंह वर्मा, मंशाराम सिमकर, गुड्डा सिंह गहरवार सरपंच चतुर पाल, ग्राम पटेल ईश्वर कुर्रे विशिष्ट अतिथि रहे। डॉ सदालाल कुर्रे ने कार्यक्रम संचालन किया। मुख्य अतिथि विप्लव साहू ने कहा कि जीवन के सभी शक्तियों, साधनों और सुखों का स्रोत शिक्षा और ज्ञान है, जिसकी जड़ें बचपन में ही लग जाती है इसीलिए बचपन और किशोरावस्था जीवन के खड़े होने का मजबूत आधार होता है। बच्चे अपने भविष्य और आने वाले जीवन को नही देख पाते हैं इसलिए हम लोगों को स्कूल और शिक्षकों के साथ तालमेल, लगातार मॉनिटरिंग करने की आवश्यकता होती है। ग्राम विकास की दौड़ में पिछड़ेपन पर उन्होंने कहा कि हम हर तरह की व्यवस्था के लिए पूरी तरह शासन प्रशासन पर निर्भर नहीं रह सकते इसीलिए पालकों को भी स्कूल आकर व्यवस्था देखने की आवश्यकता है। रोड की मांग पर विप्लव साहू ने कहा कि इसे जिपं की बजट में या अन्य जनप्रतिनिधि के माध्यम से स्वीकृत कराने का प्रयास करेंगे। इस दौरान एसएमडीसी अध्यक्ष अंजोर कुर्रे, युवा संचालक समिति जन सेवा सहायता संगठन अध्यक्ष गुड्डू कुर्रे, राजेंद्र कुर्रे दीपक कुर्रे, रामदास कुर्रे, मंसादास कुर्रे, आलेख चंद कोतवाल, तिहारू जोगी कुर्रे, दासी चंदेल, देवीदास कुर्रे, सालिक कुर्रे, नैनदास कुर्रे, संकर चंदेल, सदानाथ कुर्रे, अमर चंदेल, मिलेष बघेल, सूरज कुर्रे, कोमल कुर्रे, उदय सोनवानी, विकास कुर्रे सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# बाजार अतरिया में शाला प्रबंधन समिति की पहली बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ सुधार को लेकर चर्चा

ब्लाक के बाजार अतरिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में नवगठित शाला प्रबंधन समिति की पहली बैठक अध्यक्ष कमल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस दौरान अध्यक्ष कमल शर्मा ने समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों को स्कूल के विकास व गुणवत्ता को लेकर उनके उत्तरदायित्व की जानकारी देते हुए सभी से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देकर स्कूल का नाम जिला और प्रदेश स्तर पर भी आगे करने सहयोग प्रदान करने कहा। अध्यक्ष कमल शर्मा सहित सदस्यों ने शाला स्टाफ को अपना परिचय दिया और उनसे परिचय लिया। बैठक में स्कूल की मूलभूत समस्या बाउंड्रीवाल नही होना, कमरों की कमी, प्रायोगिक कक्ष जैसे मुद्दों पर अधिकारियों व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मिलकर समस्या अवगत कराने का प्रस्ताव लिया गया। शिक्षकों को समय पर उपस्थित होकर अध्यापन कराने कहा गया। बैठक में प्राचार्य रामकुमार बक्शी, समिति सदस्य आशीष ताम्रकार, ईश्वर वर्मा, सतीश जैन, सुनीता गुप्ता, कुमन बाई साहू, घसिया क्षत्रिय, सुजाम निषाद, शुभम पारख, महेश महिलांगे, जागेंद्र मानिकपुरी सहित शाला स्टाफ उपस्थित था।

### छात्रसंघ पदाधिकारियों को अधिकार व दायित्व के बारे में बताया

# साइकिल वितरण और शपथ ग्रहण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के शासकीय उमा विद्यालय टोलागांव में निशुल्क साइकिल वितरण व शाला पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण जिपं सभापति व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम अध्यक्ष सरंपच मनोज साहू थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रबंधन समिति अध्यक्ष विष्णुदास साहू सहित समिति के अन्य सदस्य व वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने प्रदेश सरकार द्वारा निशुल्क साइकिल वितरण को बेहतर योजना बताते हुए कहा कि इससे शाला आने जाने में समय की बचत होती है। सभी बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक होकर तन मन से पढ़ाई कर बेहतर भविष्य बनाने की अपील करते हुए छात्रसंघ पदाधिकारियों को उनका अधिकार व दायित्व के बारे में बताते हुए शाला विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता को ध्यान मे रखकर अनुशासन बनाए रखने कहा। जिपं सभापति घम्मन साहू ने स्कूल परिसर में शौचालय निर्माण के लिए ढाई लाख के अलवा पूमाशा व हाईस्कूल में वॉटर फिल्टर लगाने जिपं निधि से 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की। शाला विकास समिति द्वारा पूमशा मे अध्यापन कार्य को लेकर अतिरिक्त शिक्षक की मांग पर जल्द व्यवस्था करने का भरोसा दिया। प्राचार्य डीके साहू ने स्वागत व आभार व्यक्त करते हुए अतिथियों को धन्यवाद दिया और शालेय गुणवत्ता को लेकर हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिया।



कार्यक्रम में शाला विकास समिति सदस्य संतराम साहू, ओमप्रकाश साहू, भक्तू दास साहू, खिलेश साहू, सूरज साहू, परशुराम साहू, मनबहल साहू, पूर्व सरपंच दुलारी धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# शहीद निकेश यादव समाज का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ एसपी सहित 29 जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

मदनवाड़ा में नक्सली हमले में शहीद एसपी सहित 29 जवानों को यादव समाज ने श्रद्धांजलि दी। दॉउचौरा वार्ड में शहीद निकेश यादव की प्रतिमा में माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन बाद आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पंद्रह साल पहले नक्सलियों की कायराना हरकत की भत्सना करते हुए कहा कि हमले में यादव सामज के दो होनहार युवा वेदप्रकाश यादव और निकेश यादव की शहादत को समाज कभी नही भूल सकता।

दोनों युवाओं ने प्रदेश के जिम्मेदार माटीपुत्र होने की भूमिका अदा कर खुद को अमर करने के अलावा यादव समाज को गौरवांवित किया है। उनकी शहादत हमेशा समाज को प्रेरणा देगी। शहीद निकेश यादव के पिता पुरूषोत्तम यादव सहित पूरे परिवार का उन्होने सम्मान किया। इस दौरान यादव समाज की महिला जिलाध्यक्ष आरती यादव, संरक्षक कांता यादव, उपाध्यक्ष गीता यादव, संगठन मंत्री सूर्यकांत यादव, कंचन यादव, अधिवक्ता शंकरलाल यादव, महेश यादव, राधेश्याम यादव, अजय यादव, अजय आचार्य, लोकेश यादव, झुनू यादव, करण यादव, अशोक यादव, जिंद्र यादव, श्रवण यादव सहित बड़ी संख्या मे समाज के लोग मौजूद थे।



## सार समाचार

### याद किए गए वसुंधरा पांडे



**राजनांदगांव।** बाल भारती इंग्लिश व हिन्दी मीडियम स्कूल बल्देवबाग राजनांदगांव में 13 जुलाई को संस्था की संस्थापिका स्व. श्रीमती वसुंधरा पाण्डे के जन्मदिवस पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर शाला प्राचार्य श्रीमती ए. श्रद्धा पाण्डे रेड्डी, सचिव तथागत पाण्डे, डायरेक्टर ए. नरसिम्हा रेड्डी, श्रीमती रितिका पांडे तिवारी की उपस्थिति में शाला प्रांगण में स्व. श्रीमती वसुंधरा पाण्डे के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रदांजलि दी गई। तत्पश्चात शाला के बच्चों के साथ केक काटकर व बच्चों को चॉकलेट भेंटकर संस्कृतिक कार्याकम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती ए. श्रद्धा पाण्डे रेड्डी ने बताया कि इस अवसर पर शाला प्रबंधक समिति प्रतिवर्ष एक आर्थिक रूप से असक्षम छात्र को गोद लेती है व उस छात्र का कक्षा नर्सरी से 12वीं तक अध्ययन का समस्त व्यय का भार उठाती है। इस वर्ष संस्था ने 3 छात्रों को गोद लिया है। इस अवसर पर शाला के समस्त छात्र व शिक्षक उपस्थित थे। अंत में संस्था प्रमुख द्वारा सभी के दिए गए अमूल्य सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### रामनगर मदरसे में वृक्षारोपण



**राजनांदगांव।** पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देते शहर के मोतीपुर रामनगर क्षेत्र स्थित मदरसे में मुस्लिम समाज के लोगों ने वृक्षारोपण किया। पेड़ लगाने के लिए जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य मुस्लिम समाज के लोगों ने मदरसे में नगर निगम के सहयोग से पौधरोपण किया। समाज के लोगों ने यहां अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाए। मदरसा कमेटी के नासिर खान और शेख सुलेमान ने कहा कि पर्यावरण के प्रति हम सबकी जिम्मेदारी है। आधुनिकीकरण के चलते हम प्रकृति से दूर हो रहे हैं। जिसका असर मौसम के माध्यम से दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाने और स्वच्छ वातावरण के लिए पेड़-पौधे काफी आवश्यक है। हरियाली के माध्यम से साल-दर-साल बढ़ते तापमान को काम किया जा सकता है। मदरसे में आयोजित वृक्षारोपण के दौरान शेख शुभानी, रज्जाक खान, रफीक खान, निजाम खान सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

### व्यापम की बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आज



**राजनांदगांव।** प्रदेश के नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन व्यापम द्वारा कल 14 जुलाई को की जा रही है। परीक्षा सुबह 10 से 12.15 बजे तक 6 केन्द्रों में आयोजित है। परीक्षा के समन्वयक व प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने बताया कि परीक्षा में जिले में 2506 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से परीक्षा के एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र तथा मूल पहचान पत्र लेकर पहुंचे। परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, जैसे किसी एक पहचान पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य है। इसके बगैर परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। साथ ही परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनका प्रवेश पत्र 2024 का ही हो। किसी भी परीक्षार्थी को उनके निर्धारित केन्द्र में ही बैठने की अनुमति होगी। प्रवेश पत्र में दिए गए केन्द्र के अतिरिक्त किसी अन्य केन्द्र में बैठने नहीं दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थी वर्ष 2024 के प्रवेश पत्र में दिए गए केन्द्र में निर्धारित समय से आधे घंटे पूर्व मूल पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित हो। साथ ही एक दिन पूर्व केन्द्र जाकर देख लें। परीक्षा के नोडल अधिकारी अमिय श्रीवास्तव तथा समन्वयक डॉ. अनजना ठाकुर ने संयुक्त रूप से सभी 6 केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों, नोडल तथा समन्वयक केन्द्र द्वारा नियुक्त किए पर्यवेक्षकों की बैठक दिग्विजय महाविद्यालय में लेकर उन्हें परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नोडल अधिकारी अमिय श्रीवास्तव ने सभी केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को व्यापम द्वारा प्राप्त निर्देशों से अवगत कराते कहा कि परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार में अनिवार्य रूप से एक जिम्मेदार अधिकारी को नियुक्त करें, जो परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र की जांच कर ही उन्हें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दें।

### छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की बैठक आज

**राजनांदगांव।** छग झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला राजनांदगांव, चौकी-मानपुर-मोहला, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की बैठक ज्योतिषराम यादव संयुक्त जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में 14 जुलाई को दोपहर 12 बजे से यादव सामुदायिक भवन डोंगरगांव में आयोजित है। प्रदेश संगठन सचिव सेवकराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत यादव, अध्यक्ष पन्नालाल यादव, अध्यक्ष शत्रुघन यादव, अध्यक्ष शिवकुमार यादव, अध्यक्ष विष्णुराम यादव, अध्यक्ष कमल यादव ने पदाधिकारियों व सदस्यों से उपस्थिति की अपील की।

### युगांतर में गुड टच और बैड टच की दी गई जानकारी



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच की जानकारी देने के लिए एक कार्यशाला आयोजित हुई, जिसे स्कूल काउंसलर नीलिमा कोठारी ने संचालित किया। उन्होंने विद्यार्थियों संबोधित करते कहा कि विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच की व्यापक जानकारी होनी चाहिए। उन्हें गुड टच और बैड टच के तरीकों की अच्छे से पहचान होनी चाहिए। विद्यार्थियों को इससे समाधान के लिए भी प्रयास करना चाहिए और इसके बारे में विद्यालय के काउंसलर तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को तुरंत बताना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य मधु पी. चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम के जरिये विद्यार्थियों ने गुड टच और बैड टच को जानना सीखा है।



### ओमकुवर साव का निधन

**राजनांदगांव।** बाजार चौक मोहला निवासी ओमकुवर साव का 12 जुलाई को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थी और लंबे समय से बीमार थी। मोहला स्थित मुक्तिधाम में शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे शिक्षक जितेंद्र कुमार साव की माता थी।

## पृष्ठ 09 का शेष

### राजगामी जमीन पर...

जमीन को निजी संस्था को देने का निर्णय नगर निगम की एमआईसी में ले लिया गया है। निर्णय लेने के पहले नेताओं और अफसरों ने इस बात की जांच कराना उचित नहीं समझा कि आखिर यह जमीन किसके नाम पर है। बहरहाल बर्ड पार्क को निजी हाथों में सौंपे जाने का पूरजोर विरोध भी शुरू हो गया है। वहीं प्रशासन द्वारा इस पूरे मामले की जांच कराए जाने की भी तैयारी है।

## शहर के भीतरी इलाकों सहित नेशनल हाईवे पर मवेशियों का जमावड़ा

# काऊकैचर में पौधा, सड़क पर मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़क पर मवेशी होने की वजह से आए दिन कई हादसे होते हैं। इसके बावजूद सड़क से मवेशियों को हटाने के लिए कोई कार्ययोजना दिखाई नहीं दे रही है। नगर निगम द्वारा सड़क पर मवेशी को उठाने के लिए काऊकेचर रखा गया है, लेकिन यह काऊकेचर पौधे ले जाने के काम आ रहे हैं और सड़क के बीच मवेशी बैठी हुए है। जिससे मवेशियों के साथ वाहन चालकों को जान का खतरा भी बना हुआ।

गांव की सड़क पर गाय का मिलना आम बात है, पर स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे पर मवेशियों का जमावड़ा हो तो व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी भी है। सड़क पर बैठी मवेशियों की वजह से कई हादसे होते हैं। जिसमें वर्षभर में ही दर्जनों लोगों की मौत हो जाती है। अधिकांश हादसे रात के वक्त होते हैं। जिसमें सड़क पर बैठे मवेशी दूर से नजर नहीं आती है और दो पहिया वाहन चालक सीधे मवेशियों से टकरा जाते हैं। वहीं भारी वाहनों की टक्कर से मवेशियों की जान भी चली जाती है।



### नेशनल हाईवे पर जमावड़ा

शहर के रेलवे ओवरब्रिज की ढलान पर ही मवेशियों के बैठे होने के चलते भी कई बार लोग गिरकर घायल होते हैं। वहीं नेशनल हाईवे पर भी बड़ी संख्या में मवेशी सड़क के बीचो-बीच बैठी नजर आती है। शहर के रेवाडीह चौक के समीप प्रतिदिन दर्जनों मवेशी सड़क पर बैठी रहती है। वहीं रात के वक्त भी इस क्षेत्र में मवेशियों का जमवाड़ा देखा जाता है। जिसके चलते मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाने वाले लोगों सहित नेशनल हाईवे से होकर गुजरने वालों के लिए सड़क पर बैठी मवेशी मुसीबत का सबब बनती है।

### चंद दिनों का अभियान

नगर निगम द्वारा सड़क पर बैठी इन मवेशियों को सड़क से हटाने के लिए कुछ समय पूर्व अभियान चलाया गया था, लेकिन इसके बाद बीते लगभग 2 वर्षों से इस ओर कोई भी अभियान दिखाई नहीं दे रहा है।

### 4 लोगों के साथ मवेशी की गई थी जान

बीते अप्रैल माह में तिलई क्षेत्र में सड़क पर खड़ी मवेशी की वजह से सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं इस हादसे में मवेशी की जान भी चली गई थी। इस हादासे से सबक लेकर भी शहर की सड़क से मवेशियों को हटाने को लेकर कोई भी कार्य नहीं किया गया। जिसके चलते राजनांदगांव शहर की सड़कों पर मवेशियों का डेरा लगा रहता है।

### ईयर टैगिंग सिस्टम भी गायब

शहर में घूमने वाले आवारा मवेशियों की पहचान को लेकर मवेशियों के कान में टैगिंग भी नहीं किया गया है। टैगिंग सिस्टम के माध्यम से पशुपालक का नाम, मोबाइल नंबर, गाय की ब्रीड, कलर सहित अन्य जानकारी पता की जा सकती है। जिसके माध्यम से पशुपालकों को हिदायत देने के साथ ही उन पर दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है, लेकिन यह योजना भी धरातल पर नहीं है। जिसके चलते पशुपालक अपने मवेशी सड़क पर घूमने के लिए छोड़ देते हैं।

### सनातन धर्म परिषद न्यास की वार्षिक बैठक आज

**राजनांदगांव।** सनातन धर्म परिषद न्यास पुरोहित महासभा अखिल भारतीय राष्ट्रीय संगठन का वार्षिक बैठक एवं धर्मसभा का आयोजन 14 जुलाई को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक शंकरपुर शिव मंदिर प्रांगण में भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य कवर्धा, बेमेतरा, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग- भिलाई, बिलासपुर सहित अलग-अलग जिला में सनातन धर्म परिषद द्वारा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, राष्ट्रीय सचिव विशाखादेवी एवं संगठन महामंत्री प्रियंक सोनी द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार कर धर्म आध्यात्मिक संस्कार के बारे में जागरूक करना, युवा पीढ़ी को धर्म के प्रति प्रेरित करना, धर्मांतरण को रोकना, जाति-धर्म से आगे उठकर सनातन संस्कार को जोड़ना है। कार्यक्रम में सम्मान पत्र एवं राष्ट्रीय स्तर, प्रदेश स्तर, जिला इकाई का प्रबुद्ध लोगों को प्रभार दिया जाएगा। इस वार्षिक बैठक में सनातन धर्म परिषद न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पं. अरुण मिश्रा, संत महामंडलेश्वर सत्यानंद स्वामी गाजीपुर उत्तरप्रदेश से आगमन हो रहा है। राष्ट्रीय सचिव विशाखादेवी ने कार्यक्रम में माताएं, युवा, वृद्ध सभी जाति धर्म के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

## वृक्ष ही जीवन का आधार है: कृष्णा

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत भेड़ीकला में सरपंच कृष्णा साहू के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम की अपील पर पौधरोपण का कार्य किया गया।



सरपंच कृष्णा साहू ने कहा कि पौधरोपण हमें जरूर करना चाहिए, ताकि आने पीढ़ी को शुद्ध ऑक्सीजन मिल सके। उन्होंने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार है। पृथ्वी पर कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने की क्षमता इसमें होती है। सरपंच ने शासन की योजना एक पेड़ मां के नाम को सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में कितने उपयोगी और आवश्यक है। वृक्ष के बिना जीवन की कल्पना करना भी संभव नहीं है, जब तक वृक्ष है, तब तक हमें जीवन उपयोगी ऑक्सीजन मिलता रहेगा। पेड़-पौधे के कारण ही वातावरण शुद्ध होता है। पेड़-पौधे बादलों को आकर्षित कर वर्षा करवाते हैं।

कार्यक्रम में हेमलता, लोकेश्वरी देवांगन, अनीता देवांगन, गुलाबदास साहू, देवेंद्र देवांगन, सुरेंद्र निषाद, मोहन देवांगन, चरण देवांगन, शिवकुमार यादव, हालूराम देवांगन समेत अन्य लोग शामिल थे।

## मानस भवन में 5 जोड़ों ने लिए 7 फेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बेतहाशा महंगाई में खर्चीली शादी से बचने राजपूत समाज 1282 का आदर्श सामूहिक विवाह अन्य समाज के लिए अनुकरणीय है। इस विवाह को मूर्त रूप देते महासभा के मीडिया प्रमुख आदर्श सिंह ने बताया कि दुर्ग के मानस भवन में राजपूत समाज के 5 जोड़ों ने एक साथ 7 फेरे लिए। जिसमें श्वेता परिहार संग विनय चंदेल, रेणुका राजपूत संग युगल किशोर सिंह, लोकेश्वरी संग आनंद सिंह गहलौत, विनीता संग गौकरण सिंह, भुवनेश्वरी संग दिलेश्वर सिंह शामिल हैं।

विवाह के साक्षी बनने तथा नवयुगल दंपतियों को आशीर्वाद देने महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्री, महासचिव विष्णु सिंह बघेल, सहसचिव कमलेश सिंह राजपूत, संगठन सचिव ज्ञानेश्वर सिंह, प्रचार सचिव घनश्याम सिंह चौहान, उप समिति दुर्ग के सचिव दिनेश सिंह, अन्य पदाधिकारी राजेश सिंह, शेखर सिंह, नरेंद्र सिंह, दीपक सिंह, वीरेंद्र भुवाल, ममता सिंह विशेष रूप से मौजूद थे। आयोजन में उपसमिति दुर्ग उपसमिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत सहित कार्यकारिणी तथा सक्रिय सदस्यों की विशेष भूमिका रही। उक्त जानकारी आदर्श सिंह ने दी।

## रक्तदान जीवनदान के समतुल्य हैं : मधुसूदन

- पूर्व सांसद मधुसूदन ने रक्तवीरों का किया उत्साहवर्धन एवं सम्मान



**राजनांदगांव।** छात्र युवा मंच राजनांदगांव एवं नगर पालिक निगम राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में संस्कारधानी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में शहर की जनता के लिए निःशुल्क सिकलसेल, हिमोग्लोबिन, बीपी, शुगर जांच हेल्थ कैंप भी आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन नगर निगम परिसर स्थित टाउनहॉल में सुबह 8 से दोपहर 3.30 बजे तक किया गया। जिसमें रक्तवीरों ने 56 यूनिट रक्तदान किया।

रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने रक्तदान कर रहे रक्तवीरों के बीच मौजूद रहकर उनका हॉलचाल जाना और रक्तवीरों का उत्सावर्धन किया तथा उन्हें अपने करकलमों से सम्मानित भी किया। उन्होंने आयोजन के लिए निःशुल्क सेवा देने वाले जिला स्वास्थ्य विभाग, बिलासा ब्लड बैंक राजनांदगांव एवं मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव की टीम का आभार प्रदर्शित किया। साथ ही आयोजक मंडल छात्र युवा मंच परिवार एवं नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा जनहित में आयोजित इस शिविर की प्रशंसा करते रक्तदान को जीवनदान के समतुल्य बताया। शिविर में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेतागण खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, सचिन बघेल, कोमल सिंह राजूपत, नंदू साहू, राजेश अग्रहरि, राजेन्द्र बन्टू जैन, रघुवीर वाधवा समेत छात्र युवा मंच परिवार की ओर से संगठन प्रभारी नागेश यदु, संतोष खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, समीर गजभिये, आलोक बिंदल, सूरज बुद्धदेव, प्रियंक सोनी, प्रशांत गुप्ता, अजीत जैन, हेमलाल साहू सहित रक्तवीर लिकेश्वर सिन्हा, चंद्रभान जंघेल, अगेश्वर वर्मा, कृष्णकांत साहू, लोकेश बारापात्रे, सुरेश साहू, नोमेश वर्मा, हेमा साहू, बबीता साहू आदि उपस्थित रहे।

नगर निगम परिवार की ओर से आयुक्त अभिषेक गुप्ता, महापौर हेमा देशमुख, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु सहित शिव वर्मा, शरद सिन्हा, पारस वर्मा, गगन आईच, शरद पटेल, सिद्धार्थ डोंगरे, विजय राय, मदन यादव, राजेश यादव, मणिभास्कर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## क्रिकेट वीडियो ट्रेनिंग के साथ योग सेमीनार आज

**राजनांदगांव।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा क्रिकेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बालक-बालिकाओं एवं प्रशिक्षकों के लिए लेटेस्ट वीडियो द्वारा ट्रेनिंग एवं योग का एक महत्वपूर्ण सेमीनार आयोजित किया जा रहा है। वीडियो द्वारा अंचल के प्रसिद्ध क्रिकेट कोच शांतनु घोष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को नवीनतम तकनीक एवं दुनिया में प्रसिद्ध वीडियो ट्रेनिंग प्रोग्राम द्वारा प्रशिक्षण देने वाले हैं।

यह प्रोग्राम प्रशिक्षकों एवं भविष्य में फिजियो, ट्रेनर, अंपायरिंग एवं स्कोरिंग से भी अपना भविष्य बनाने वाले लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी होगा। यह विशेष सेमिनार कल 14 जुलाई को सुबह 7.30 बजे से गांधी सभागृह म्युनिसिपल हाईस्कूल मैदान में होने जा रहा है। यह सेमीनार पूर्णता निःशुल्क रहेगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा यह सेमीनार जिले के क्रिकेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को क्रिकेट के नए नियमों एवं टेक्निकल रूप से अवगत कराना प्रमुख है। आधुनिक क्रिकेट में क्रिकेट खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय क्रिकेट खेलने योग एक सशक्त माध्यम है। इसके महत्व को समझकर एसोसिएशन योग के कुशल टीचर द्वारा प्रशिक्षण खिलाड़ियों को उनके करियर में काम आए, ऐसे योगासन का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। सेमीनार में समस्त खिलाड़ी पूरी क्रिकेट किट सफेद ड्रेस में हिस्सा ले सकेंगे।

## अनन्या ने जीता स्वर्ण पदक



**राजनांदगांव।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा अनन्या श्रीवास्तव जो क्लास फोर में अध्ययनरत है, ने अंतर्राष्ट्रीय लेवल ओलम्पियाड प्रतियोगिता, स्पेल बी कॉम्पीटिशन 2023-24 में जिसे हमिंग बर्ड एजुकेशन लिमिटेड ने आयोजित किया था, के अंतर्गत जोन स्तर पर 27वां एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 72वां स्थान प्राप्त किया। इसके लिए अनन्या श्रीवास्तव को हमिंग बर्ड लिमिटेड के सीईओ पियूष खत्री ने स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र एवं नगद एक हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया। अनन्या श्रीवास्तव वरिष्ठ जर्नलिस्ट सुनील श्रीवास्तव राजनांदगांव के छोटे भाई डॉ. चंद्रशेखर श्रीवास्तव एवं डॉ. गरिमा श्रीवास्तव की सुपुत्री है। अनन्या श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं इंद्राशीष परिवार राजनांदगांव ने शुभकामनाएं दी।

## आंगनबाड़ी केन्द्र में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण



**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने 12 जुलाई को राजनांदगांव शहरी क्षेत्र के लक्ष्मीबाई वार्ड क्र. 11 तथा रेवाडीह वार्ड क्र. 21 के आंगनबाड़ी केन्द्र में एक पेड़ मां के नाम तथा जल शक्ति ने नारी शक्ति अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया।

इस दौरान अपर कलेक्टर मारकण्डेय ने सभी को जल संरक्षण करने शपथ दिलाई। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा नन्हें बच्चों को दिए जाने वाले पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को हरी साग-सब्जी, फल एवं पौष्टिक आहार देना है और उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर गुरूप्रीत कौर, रीना ठाकुर एवं अन्य अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## माउंट फ्रेंडशिप पीक अल्पाइन एक्सपीडिशन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी




हिमाचल प्रदेश के पिरपंजाल रेंज में स्थित माउंट फ्रेंडशिप पीक पर इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन द्वारा अल्पाइन एक्सपीडिशन का आयोजन किया गया। इस एक्सपीडिशन में छत्तीसगढ़, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और उत्तरप्रदेश से कुल 17 सदस्यों का दल 5 जुलाई 2024 को पीक समिट के लिए रवाना हुआ।

इस एक्सपीडिशन को स्पीड क्लाइम्बिंग के तहत दो दिनों में पूरा किया जाना था।पहले ही दिन की चढ़ाई के दौरान खराब मौसम और तेज बारिश के कारण सफर कठिनाई भरा रहा। कुछ सदस्यों की तबियत भी खराब हुई, लेकिन किसी ने हार नहीं मानी और सभी ने सफलतापूर्वक एडवांस बेस कैंप तक चढ़ाई की। इसके बाद सभी को आराम करके रात एक बजे पीक समिट के लिए रवाना होना था, किन्तु लगातार तेज बारिश और बर्फबारी के चलते एक्सपीडिशन को लीड कर रहे पर्वतारोहियों ने किसी की जान को जोखिम में न डालते एडवांस बेस कैंप से वापसी का निर्णय लिया। टीम जरूर निराश हुई, लेकिन 3900 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचना भी एक बड़ी सफलता से कम नहीं था। लौटते समय टीम को 3700 मीटर पर स्थित व्यास नदी के उदगम स्थल व्यास कुंड के दर्शन करने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। इससे पहले छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान की 5 सदस्यीय टीम ने 17 जून को सोलांग में स्थित पातालसु पीक ऊंचाई (13944) फीट में सफलतापूर्वक चढ़ाई कर तिरंगा झंडा लहराया। इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन बीते 6 वर्षों से एडवेंचर के क्षेत्र मे लगातार कार्य कर रही है। यह अल्पाइन एक्सपीडिशन इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन के अध्यक्ष इफ्राइम अहमद के दिशा-निर्देश में आयोजित किया गया था।

हिमाचल प्रदेश से सचिन शर्मा, पूजा, छत्तीसगढ़ से रोहित कुमार झा और प्रमेश विजयवार, उत्तरप्रदेश से अनिल यादव ने इस एक्सपीडिशन का नेतृत्व किया। प्रतिभागियों में छत्तीसगढ़ से नितेश अग्रवाल, कुमेश्वर गंधर्व, विशाल यादव, ललित कुमार गोरती, यशवंत कुमार टंडन, लोकेश कुमार, रुपेश कुमार, दीपक वर्मा, रविन्द्र कुमार, राजस्थान से राजकुमार चतुर्वेदी, पियूष चतुर्वेदी और पंजाब से सुनील शामिल थे।

### वृक्ष गंगा समिति ने किया पौधारोपण



**राजनांदगांव।** गंगा वृक्ष समिति राजनांदगांव द्वारा शंकरपुर स्थित हायर सेकंडरी स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पार्षद शिव वर्मा ने विशेष सहयोग प्रदान किया। शाला के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने भी वृक्षारोपण कर कार्य को संपादित किया। इस दौरान राजेन्द्र यादव, विवेक शुक्ला, दिलीप गुप्ता, छम्मन देवांगन, रमेश पुरोहित समेत अन्य लोग शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

### हाई स्कूल भगतपुर परिषर में विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण



**हरिभमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भगतपुर परिषर में छात्र-छात्राओं द्वारा पौधरोपण किया गया साथ ही पौधरोपित कर संरक्षण व सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान व शपथ लिया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने आम, बरगद, नीम व छाया व फलदार पौधरोपण किया गया, इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### केशली स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला केसली में शाला प्रवेश उत्सव उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र में पुष्प अर्पितकर व राजकीय गीत के साथ किया गया। कार्यक्रमें की अध्यक्षता नीता लोकनाथ दोहरे, लोमश साहू, बालमुकुंद के मुख्य अतिथ्य में प्रारंभ हुआ। वहीं अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक व मुह मीठा कराकर स्वागत किया गया साथ ही पाठ्य पुस्तक व शाला गणवेश वितरण किया गया।

## नेशनल लोक अदालत ने झगड़े व मारपीट के केस का पटाक्षेप, खुश होकर ग्रामीण लौटे

# पारिवारिक व भूमि-विवाद का मामला सुलह-समझौते से हल

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ शनिवार को प्रातः10.30 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के करकमलों से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्पांजली एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायालय के सभी जज, अधिवक्ता एवं पक्षकार भी शामिल थे। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण किया गया।

न्यायमूर्ति द्वारा न्यायालय में पक्षकारों से उनके प्रकरणों के संबंध में भी जानकारी ली गई। मोटर, दुर्घटना, दावा-प्रकरण के एक प्रकरण में पारित क्लेम अवार्ड के संबंध में महिला पक्षकार को संतुष्ट जानकर आश्वस्त हुए। इस अवसर पर उन्होंने महिला को पौधे भेंटकर बधाई भी दी।

उल्लेखनीय है कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य प्रकरण सुलह-समझौते से निराकरण के लिए चिन्हांकित कर रखा जाता है, पक्षकारों को पूर्व से नोटिस जारी किया जाता है। साथ ही पक्षकारों की आपसी सहमति से राजीनामा किया जाता है, जिससे उनके बीच उत्पन्न विवाद का निपटारा हो जाता है। इसमें प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद प्रकरण) प्रकरण भी रखे जाते हैं, जिसमें आपसी लेनदेन, बैंकों के ऋण, दूरभाष एवं विद्युत के बकाया बिल आदि प्रकरण शामिल होते हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कवर्धा के न्यायालय में पारिवारिक भूमि संबंधी विवाद के चलते लड़ाई-झगड़े, मारपीट का क्रिमीनल केस न्यायालय में लम्बित था। साथ ही सिविल केस अलग चल रहा था, जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दी गई समझाईश से आपसी सहमति बनी एवं दोनों ही प्रकरणों का पटाक्षेप हो गया और वे न्यायालय से संतुष्ट होकर खुशी-खुशी वापस लौटे।

### नेशनल लोक अदालत ने 14647 प्रकरण का हुआ निराकर

राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन के 16802 प्रकरण रखे गए हैं, जिसमें से 14647 निराकृत किया गया। वहीं न्यायालय के लम्बित प्रकरणों में क्रिमिनल केस के 152, विद्युत केस के 97 प्रकरण निराकृत जिसमें 390786 रुपए सेटलमेंट हुए मोटरव्हीकल दुर्घटना दावा के 4 प्रकरण निराकृत जिसमें सेटलमेंट राशि 3610000 अवार्ड हुए। वैवाहिक-विवाद प्रकरण के 22 लिखत परक्राम्य अधिनियम 138 के 22 और सिविल के 03 प्रकरण निराकृत हुए हैं। वहीं समरी के 1300, राजस्व के 14301 निराकृत जिसमें कुल सेटलमेंट 9,97,36,266 रूपए शामिल है इस तरह कुल राशि रुपए 10,97,68,417 के सेटलमेंट हुए।



# देश के विकास व जीवन को खुशहाल बनाने जल, नारी व पेड़ संरक्षित करना अति आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ⏩ बरबसपुर

देश के विकास और जीवन को खुशहाल बनाने जल, नारी व पेड़ का संरक्षण करना अति आवश्यक हैं, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जल शक्ति से नारी शक्ति एवं एक पेड़ मां के नाम महा पौधरोपण अभियान के शुभारंभ पर जिले के कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पालीगुड़ा में शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 व 2 में जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान अंतर्गत शपथ दिलाया गया। जिसमे कार्यकर्ता अनिता धुर्वे, शिवानी धुर्वे व आंगनबाड़ी सहायिका शिवकुमारी धुर्वे, धनेश्वरी चौहान एवं महतारी वंदन और मातृ वंदना के हितग्राही उर्वशी धुर्वे, कांति धुर्वे, दुखिया धुर्वे,अमरीका धुर्वे साथ ही साथ सेक्टर पर्यवेक्षक उषा मिश्रा सहित ग्राम पालीगुड़ा के गणमान्य नागरिक तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पहल से एक पेड़ मां के नाम तथा चार पेड़ बेटी के नाम से पौध रोपित किया गया।

## मक्के स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर पौध रोपण किया



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्कें में शनिवार को बैगलेस डे पर पौधरोपण किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी छात्र छात्राओं ने शाला परिषर में पौधरोपण किया। जिसमें आम, जामुन, आंवला व अन्य औषधि सहित फलदार व छायादार पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अशोक पांडेय, शिक्षक कपूरराम चंद्रवंशी, कौशल खण्डे, युगल किशोर साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# मां संतोषी बोल बम समिति का 25वां कांवर पदयात्रा



- पदयात्रा की तैयारियां समिति द्वारा पूरी कर ली गई।

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

मां संतोषी बोल बम समिति हटरी पारा कवर्धा द्वारा आगामी 22 जुलाई को श्रावण माह शुरू होने वाली कांवर यात्रा के लिए मां संतोषी बोल बम समिति अपनी पूरी तैयारियां कर ली गई है। संस्था प्रमुख अजय गुप्ता ने बताया कि इस बार कांवर यात्रा सभी बमों के लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि मां संतोषी बोल बम समिति का यह 25वां वर्ष है, हालांकि समिति के कई बमों की यात्रा 30 से 35वां वर्ष की हो चुकी है जो कि पूज्य गुरुदेव स्व अर्जुन महाराज के सहायक रह चुके है। उन्होंने बताया कि बोल बम समिति का 25वां वर्ष मां नर्मदा के जल से पंचमुखी बुढ़ा महादेव का अभिषेक करने से पूरा हो जाएगा।

सभी बम साथियों में विशेष उत्साह है खास कर कुछ पुराने साथी भी इस बार अपनी यात्रा को फिर से शुरू करने की सोच रहे हैं, इसके लिए उन्होंने तैयारी करनी भी शुरू कर दी है, नंगे पैर चलकर अभ्यास किया जा रहा है। यात्रा के लिए जो ड्रेस आदि की जरूरत होती है उसकी व्यवस्था की जा रही है सबसे महत्वपूर्ण कार्य अपने कांवर का उचित रख-रखाव करना होता है क्योंकि पूरी यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण अंग कांवर ही होता है। दोनों लोटे का पॉलिश करना फिर उसमें परंपरा अनुसार तांबे का रांगा कराया जाता है। उन्होंने बताया कि हमारी समिति की यात्रा गुरु पूर्णिमा से प्रारंभ होकर आगे सात दिनों में पूरी होती है। शुरुआत के 2 दिन पूजा अर्चना जिसमें जलेश्वर महादेव का मां नर्मदा का जल से अभिषेक कर अपने कांवर में नर्मदा जल भरकर यात्रा हेतु संकल्प लिया जाता है। यात्रा के तीसरे दिन हमारी पदयात्रा शुरू हो जाती है, जो शाम गंतव्य स्थान तक पहुंचने तक अनवरत चलती रहती है।

जिसमें प्रथम दिन खारीडीह, दूसरे दिन पंडरी पानी, कुई, डोंगरिया होते हुए आखिरी दिन कवर्धा आगमन होता है। संस्था प्रमुख ने बताया की यात्रा के दौरान हम नाश्ते में भुना हुआ चना बिस्कुट थोड़ा बहुत नमकीन आदि लेकर चलते हैं और मार्ग में मिलने वाली नदियों व पोखरों के पानी से बम अपना प्यास बुझाते हैं। इस बार लगभग 30 से 35 बमों ने अपनी सहमति यात्रा के लिए प्रदान की है। मां नर्मदा के आशीर्वाद से सभी बम अपनी यात्रा पूरी करने के लिए पूरे तन-मन से तैयारी में जुटे हुए हैं। समिति के सदस्य 20 जुलाई को रात्रि में स्थानीय देवालयों में पूजा-अर्चना कर अमरकंटक के लिए प्रस्थान करेंगे।

# क्षेत्र में एक वृक्ष मां के नाम पौधारोपण कर अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ⏩ कोलेगांव/कुण्डा

शुक्रवार को एकीकृत बाल विकास परियोजना कुण्डा के विभिन्न कार्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक पेड़ मां के नाम योजना व प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने भी पूरे विधि विधान से साथ एक पीपल का पौधरोपण कर प्रदेश में भी इस योजना को शुरुआत किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री ने इस महाअभियान के तहत राज्य में चार करोड़ पौधे लगाए जाने की लक्ष्य रखा है, इस योजना के पहले दिन 33 जिलों में 6 लाख पौधे रोपण की गया। इस महाअभियान के तहत शुक्रवार को एकीकृत बाल विकास परियोजना कुण्डा क्षेत्रांतर्गत पौधरोपण किया गया। राज्य सरकार के आदेशानुसार कबीरधाम कलेक्टर जनमजेय महोबे के निर्देशानुसार जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जल शक्ति से नारी शक्ति एवं एक वृक्ष मां के नाम और चार वृक्ष बेटियों के नाम विषय पर पांच फलदार पौधरोपण अभियान के तहत जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया जा रहा है। शुक्रवार को ग्राम कुण्डा में परियोजना कार्यालय सह संसाधन केंद्र कुण्डा परिसर में सरपंच महेश्वर साहू, परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी, समस्त पर्यवेक्षक व स्टॉफ के सभी लोगों द्वारा पौधरोपण किया गया। पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य हवा की गुणवत्ता में सुधार लाना, जलवायु में सुधार लाना, जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण और वन्य जीवन का समर्थन करना है।

इस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को जल सरंक्षण के संबंध में पानी बचाने और उसके संचयन का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल संरक्षण को बढ़ावा देने में सहयोग करने और अपने परिवारजनों, मित्रों, पड़ोसियों और अपने आने वाली पीढ़ियों को इसके समुचित उपयोग और व्यर्थ न बहाने के लिए प्रेरित करने विषय पर शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के क्रियान्वयन अंतर्गत उपस्थित महिलाअें को योजना के लाभ के लिए पात्रता, अपात्रता तथा योजना का लाभ कैसे प्राप्त किया जा सकता है के संबंध में जागरुक करते हुए जानकारी दी गईं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जल संरक्षण के लिए जल शक्ति से नारी शक्ति विषय पर प्रशंसनीय कार्य किए जाने वाली महिलाओं, महिला समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी स्तर, सेक्टर स्तर या ग्राम स्तर पर जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया। उक्त पौधरोपण कार्यक्रम में सरपंच महेश्वर साहू, परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी, पंच प्रतिनिधि मुन्ना खान, देवदत्त चंद्राकर, नंदलाल मानिकपुरी, ऊषा गुप्ता, रमा चंद्राकर, पोषण चंद्राकर, सुमन सहित समस्त स्टॉप व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# शादी का झांसा देकर पीड़िता से दुष्कर्म, आरोपी पुलिस के गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏩ पंडरिया

पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा समस्त थाना-चौकी प्रभारियो को अपराध पर प्रभावी रूप से कार्यवाही करने एवं अंकुश लगाने निर्देशित किया गया। जिस पर थाना पंडरिया पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराधो पर अंकुश लगाने लगातार असामाजिक तत्वों पर उचित वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना पंडरिया में शुक्रवार को प्रार्थिया द्वारा थाना आकर लिखित शिकायत दर्ज कराई, कि 17 मई को थाना फास्टरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिंघनपुरी के आरोपी भवन कुमार द्वारा पीडिता को शादी का प्रलोभन देकर पीडिता के मर्जी के बगैर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता रहा, पीडिता की रिपोर्ट पर थाना पंडरिया में आरोपी के विरूद्ध धारा 363, 366, 376 (2) एन, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर उचित दिशा-निर्देश प्राप्त कर, त्वरित कार्यवाही करते हुए पंडरिया पुलिस नें आरोपी के पतासाजी में जुट गए। वहीं शनिवार को आरोपी भवन कुमार पिता डोमन प्रसाद आयु 21 वर्ष निवासी सिंघनपुरी थाना फास्टरपुर जिला मुंगेली को गिरफ्तार कर साथ ही आरोपी के साथ पीडिता को भगाने में सहयोग करने वाले साथी विधि से संघर्षरत किशोर बालक को भी पकडा गया। वहीं आरोपी भवन कुमार से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। जिसे गिरफ्तार कर आरोपी द्वारा प्रकरण में प्रयुक्त मोटर सायकल होण्डा लियो सोल्ड को जप्त कर उचित वैधानिक कार्यवाही किया गया।

## एक पेड़ मा के नाम अभियान का शुभारंभ



**हरिभूमि कवर्धा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को मिश्रित पौधा प्रदाय किया गया। ज्ञातव्य हो कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा मंगलवार को कवर्धा वनमण्डल से एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके तहत सोमवार से शुक्रवार तक पौधा प्राप्ति हेतु मोबाइल नंबर व क्यूआर कोड जारी किया गया तथा शनिवार और रविवार को पौधा संबंधित को प्रदाय किया जाना था। जिसमें शनिवार को उक्त अभियान के तहत मिश्रित फलदार जिसमें आंवला, आम, अमरूद, जामुन, कटहल एवं छायादार गुलमोहर एवं सिस्सू के पौधे निम्न हितग्राहियों को उनके घर पहुंचा कर आशीष आर्य उप वनमंडलाधिकारी कवर्धा, लक्ष्मी नारायण सोनी, परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा एवं नरेंद्र राजपूत वनरक्षक द्वारा गुरुकुल स्कूल में 500, भानुराम जायसवाल ग्राम मोतियारी को 50 पौधे, प्रकाश जायसवाल एवं अन्य ग्राम पंचायत मिरमिट्टी को 200 पौधे एवं जटाशंकर दुबे एवं अन्य ग्राम बाघामुडा को 50 पौधे उनके द्वारा मोबाइल व क्यूआर स्कैन से मांगे जाने पर घर पहुंचा कर प्रदाय किया गया।

## भानपुर स्कूल में प्रवेशोत्सव उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय भानपुर संकुल कोयलारी में प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सर्व प्रथम परंपरानुसार मां सरस्वती के तैलचित्र में माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजा- अर्चना की गई वहीं विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाकर पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। तत्पश्चात शैक्षिक समन्वयक भरत तिवारी, प्रधान पाठक नंदकुमार शर्मा एवं सिद्धराम पाटिल ने निम्न बिन्दुओ पर परि चर्चा किए जिसमें विद्यार्थियों को शाला में अनुशासन बनाएं रखना, शाला नियमो का पालन करना, शाला सुरक्षा पर ध्यान देना, छात्र छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना, गुणवत्ता युक्त शिक्षा देना आदि। उक्त अवसर पर शिक्षक परमानंद धुर्वे, संतोष कुमार साहू, तोषराम पटेल के साथ-साथ पालक सदस्य संजू निषाद, भीखम निर्मलकर, राज कुमार चंद्राकर, धनंजय विश्वकर्मा, रामप्रसाद निर्मलकर, ईश्वरी निर्मलकर, विश्वनाथ यादव, सफाई कर्मचारी रामकुमार यादव सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## अतिथियों नें शिक्षा के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला

# बानो में पौधारोपण व शाला प्रवेशोत्सव मना



हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बानो में सोमवार को संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति के सदस्यों जनप्रतिनिधियों एवं पालकों को आमंत्रित किया गया था। जो नव प्रवेशी बच्चों को तिलक व मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। वहीं छात्र छात्राओं को पुस्तक तथा गणवेश वितरण किया गया। अतिथियों द्वारा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया और विशेष रूप से सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से शाला आने और लगन के साथ पढ़ाई लिखाई करने प्रेरित किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के पश्चात शाला प्रांगण में बैठक आयोजित किया गया, जिसमें शाला सुरक्षा, रखरखाव, यातायात नियमों, स्वच्छता और बरसात के मौसम में आवश्यक सावधानियां बरतने विषयों पर विशेष रूप से चर्चा किया गया और अंत में अतिथियों ने शाला परिवार के साथ परिसर में पौध रोपण किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष महेश कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार चंद्राकर, पूर्व उपसरपंच मोनेंद्र कुमार चंद्राकर, शैक्षिक समन्वयक भरत लाल तिवारी, प्रधान पाठक सिद्ध राम पाटिल, शिक्षक गण मदन लाल चंद्राकर, चेतेन्द्र कुमार यदु, प्रदीप कुमार मंडावी सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### डायरिया की रोकथाम के लिए जागरुकता कार्यक्रम

**कवर्धा।** जिले में 0-5 वर्ष के बच्चों में मृत्यु का एक मुख्य कारण डायरिया भी है, जिसका शीघ्र निदान एवं उपचार से शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है। बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक किया जाना है। समुदाय ग्राम स्तर पर मितानिन सभी 5 वर्ष तक के बच्चों के घरों में 2 ओआरएस पैकेट व 14 जिंक की गोली का वितरण किया जाएगा। इसके उपयोग व महत्व के संबंध में मितानिनों द्वारा ओआरएस घोल बनाने की विधि का प्रदर्शन किया जाना है। चूंकि बरसात के मौसम में डायरिया के अधिक प्रकरण सामने आ रहे हैं तो विभाग भी सचेत हो चुका है।

# एक ही भवन में सुबह लग रहा कॉलेज दोपहर में लगाया जा रहा हायर सेकंडरी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया के कुण्डा क्षेत्र के ग्रामीणों व विद्यार्थियों की वर्षो पुरानी लंबित मांग को पूरा करते हुए कांग्रेस की तात्कालिक भूपेश सरकार ने चुनावी वर्ष के दौरान पिछले शिक्षा सत्र में ग्राम कुण्डा में शासकीय महाविद्यालय तो खोल दिया लेकिन साल भर बीतने और अब नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के बाद भी इस शासकीय महाविद्यालयों में सुविधाओं का भारी आभाव देखा जा रहा है। जिससे महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि विकासखण्ड पंडरिया के सबसे बड़े ग्राम कुण्डा में एक सर्व सुविधा युक्त शासकीय महाविद्यालय खोलने की मांग वर्षो से की जा रही थी। लगातार की मांग और दबाव के बीच पिछले ही शिक्षा सत्र में कांग्रेस की तात्कालिक भूपेश सरकार ने चुनावी वर्ष को ध्यान में रखते हुए आनन फानन में यहां शासकीय महाविद्यालय की स्वीकृति दे दी और यहां के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के अतिरिक्त कक्षाओं में शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ कर दिया गया। निश्चितरूप से वर्षो पुरानी मांग पूरी होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली और इस बात पर संतोष भी जाहिर किया देर से ही सही पर अब उन्हें महाविद्यालय स्तर की पढ़ाई लिखाई करने के लिए पंडरिया, पाण्डातराई अथवा कवर्धा की लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को उम्मीद और विश्वास इस बात का भी था कि भले ही फौरी तौर पर कुण्डा महाविद्यालय का शुभारंभ भले ही स्थानीय शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के अतिरिक्त कक्ष में कर दिया गया हो लेकर आने वाले दिनो में महाविद्यालय का अपना स्वयं का भवन निर्माण हो जाएगा। तात्कालिक कांग्रेस सरकार के नुमाईदों ने भी विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों को यही आवश्वासन तथा भरोसा दिलाया था। लेकिन दुर्भाग्य ही कहें की न तो इस कार्य को कांग्रेस सत्ता में रहते हुए पूरा कर पाई और न ही सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा सरकार और उसके नुमाईदे इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। नतीजतन कुण्डा महाविद्यालय का दूसरा शिक्षा सत्र भी स्थानीय शासकीय हायर सेकेण्डरी के अतिरिक्त कक्षों में संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों और ग्रामीणों का कहना है कि कांग्रेस की सरकार ने कुण्डा में शासकीय महाविद्यालय खुलवा दिया है तो कम से कम भाजपा की सरकार कॉलेज भवन का ही निर्माण करा दे ताकि क्षेत्र के विद्यार्थी सुविधा पूर्ण ढंग से अपना भविष्य गढ़ सकें।

### दो पालियों में संचालन




प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुण्डा में संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में दो पालियों में महाविद्यालय की कक्षाएं एवं स्कूल की कक्षाएं संचालित की जा रही है। सुबह 7.00 से जहां इस स्कूल भवन में महाविद्यालय की कक्षाएं संचालित की जा रही है वहीं दोपहर 11.00 बजे से हायर सेकेण्डरी की कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। जिससे दोनो ही स्तर के विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### दूरदराज की महाविद्यालयीन बालिकाओं को खासी परेशानी

सुबह की पाली में संचालित होने वाले कुण्डा शासकीय महाविद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं ने बताया कि इस महाविद्यालय में सिर्फ कुण्डा भर के विद्यार्थी अध्यनरत नहीं है बल्कि आसपास व दूरदराज के दर्जनो गांवों से भी बालिकाओं ने दाखिला ले रखा है। इन बालिकाओं ने बताया कि महाविद्यालय का संचालन सुबह से किए जाने के कारण दूरदराज की अधिकांश बालिकाएं आवागमन के संसाधनो के आभाव में समय पर अथवा नियमित रूप से महाविद्यालय नहीं पहुंच पाती जिससे उनकी पढ़ाई का भारी नुकसान होता है। अगर यही महाविद्यालय दोपहर 11.00 बजे संचालित होता तो सभी बालिकाएं समय पर महाविद्यालय पहुंच सकती है और यह तभी संभव है जब महाविद्यालय का स्वयं का भवन हो। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शासन से जल्द से जल्द शासकीय महाविद्यालय कुण्डा के लिए सर्व सुविधा युक्त भवन की मांग की है।

**लापरवाही:** खेत देखने जा रहा था बच्चा, इसी दौरान आ गया करंट की चपेट में

# सेन्हाभाटा में करंट की चपेट में आने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

जिले के ग्रामीण अंचलों में विद्युत विभाग की लापरवाही लगातार जानवरों के साथ इंसानों की जान पर भी भारी पड़ रही है। विभाग की इस लापरवाही के बीच एक के बाद एक हो रही मौतों की कड़ी में शनिवार को एक 12 साल के बच्चे की करंट प्रवाहित बिजली लाइन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मृत बच्चा सेनहाभाठा गांव का रहने वाला है। शनिवार की सुबह 8 बजे वह धान का थरहा देखने खेत गया था। इसी दौरान वो बिजली के खंभे की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मृतक बच्चे के परिवार तथा गांव में मातम का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत कुंडा थाना के ग्राम सेनहाभाठा गांव में शनिवार सुबह करीब 8.00 बजे उमेश साहू नाम का 12 साल का बच्चा अपने धान के खेत का थरहा देखने गया था। इसी दौरान खेत के मेड़ से लगे बिजली के खंभे में लगी खीचन तार की चपेट में आने से उसके बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद इसकी जानकारी तत्काल कुण्डा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। लेकिन अभी तक बच्चे की मौत की जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। वहीं इस घटना को लेकर विद्युत विभाग का कहना है कि खीचन तार में लीकेज करंट के आने से दुर्घटना हुई है। विभाग द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए 4 लाख मुआवजा की राशि दी जाएगी।

### परिजनों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप



इस पूरे मामले में मृतक के पिता का कहना है उनका बालक सुबह खेत देखने आया था। बच्चा लाइन के चपेट में आने से खत्म हो गया। उन्होने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते बच्चे की जान गई है। वहीं, मृतक के मामा ने कहा कि विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही के चलते मासूम बच्चे की जान गई है, जिसके जिम्मेदार विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी हैं। इधर, ग्रामीणों को जैसे ही बच्चे के मौत की सूचना मिली, घटना स्थल पर भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पाकर पुलिस और विद्युत विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस और विद्युत विभाग की टीम की जांच के दौरान ग्रामीण उग्र हो गए और बिजली विभाग के कर्मचारी पर लापरवाही और देर से आने का आरोप लगाया। इस दौरान ग्रामीण तत्काल मुआवजे की मांग करने लगे। कई घंटे के बाद अधिकारियों की समझाईश और मुआवजा राशि की घोषणा के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# प्रदेश सरकार की नाकामी से हो रही राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों की मौत : बघेल

## भूपेश बघेल ने किया बैगा बाहुल्य ग्राम सोनवाही का दौरा

- स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा





कबीरधाम जिला के बैगा बाहुल्य क्षेत्र सोनवाही गांव में उल्टी- दस्त से दो बैगा आदिवासियों की मौत और कई लोगों के बीमार होने की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रभावित ग्राम सोनवाही का दौरा किया और और मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर नाकामी का आरोप लगाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वनांचल क्षेत्र के ग्राम झलमला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना और डॉक्टरों से मरीजों के बारे में जानकारी ली और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने की बात कही। इस दौरान भूपेश बघेल ने स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ग्राम सोनवाही में 5 बैगा आदिवासियों की उल्टी-दस्त से मौत को जिला प्रशासन छुपाने की कोशिश कर रहा है। सोनवाही गांव में उल्टी-दस्त से मौत होने के बाद स्वास्थ्य कैम्प लगाया और कल 94 लोगों की स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है, जिसमें 25 ग्रामीण मलेरिया पॉजिटिव पाए गए है। स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों के घर में ही आज मच्छरदानी वितरण की है, जबकि सोनवाही गांव के सभी घरों में मच्छर दानी वितरण करना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता जिले के बैगा बाहुल्य क्षेत्र में स्वास्थ्य परीक्षण होना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग, पीएचई को पानी का सेंपल लेकर जांच किया जाना चाहिए, लेकिन राज्य सरकार की नाकामी के चलते ग्राम सोनवाही में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों की मौत हो रही है, यह बेहद दुर्भाग्यजन स्थिति है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के कांग्रेसी नेता तथा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गगरिया खम्हरिया में किया गया शाला प्रबंध समिति का पुनर्गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭स.लोहारा

विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला गगरिया खम्हरिया में पालकों को बुलाकर शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए शाला प्रबंध समिति का गठन किया गया। प्रधानपाठक दशरथ धुर्वे द्वारा गठन प्रक्रिया को बताया गया। ततपश्चात बैठक में उपस्थित पालकों द्वारा परस्पर चर्चा-परिचर्चा कर सर्वसम्मति से यशवंत साहू और गंगाराम साहू को क्रमशः प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के लिए अध्यक्ष चुने गए। दिनेश साहू उपाध्यक्ष, मंगल सोरी पंचायत प्रतिनिधि, बिसरू लहरे शिक्षाविद, कन्हैया लाल सेन कोषाध्यक्ष, दशरथ धुर्वे सचिव,विश्वनाथ ठाकुर सदस्य, प्रेमकुमार साहू सदस्य, श्रीमती निर्मली साहू, विजेश्वरी साहू, कतिका साहू, जामिन साहू, जागेश्वरी विश्वकर्मा, नीरा यादव, पुष्पा सेन और रेखा ठाकुर महिला सदस्य के रूप में मनोनीत हुए। बैठक में लगभग 45 पालक शामिल हुए।

# मां सिंहवाहिनी बोल बम समिति 8 अगस्त को मण्डला से शुरू करेगी कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

वनांचल की मां सिंहवाहिनी बोल बम समिति लगातार पच्चीस वर्षो से कांवड़ यात्रा पूर्ण कर अब 26 वें वर्ष की कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जुट गई है। इसी तारतम्य में मां सिंहवाहिनी बोल बम समिति की बैठक गत दिनो आयोजित की गई। जिसमें यात्रा के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा के साथ नए सदस्य जो इस बार की कांबड़ यात्रा में शामिल होना चाहते हैं उनको यात्रा के सभी नियमों, संयम की जानकारी देते हुए उनका गंभीरता पूर्वक पालन करने कहा गया। समिति के अध्यक्ष ओमशंकर धुर्वे ने बताया कि इस यात्रा में प्रवेश की अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होने बताया कि मां सिंहवाहिनी बोल बम समिति की कांवड़ यात्रा मां नर्मदा के तट (मंडला) से जल लेकर 8 अगस्त को प्रारंभ होगी। विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी ने बताया कि हिंदू सनातन धर्म के पवित्र श्रावण मास के पावन पर्व पर पूरे देश में कांवड़ यात्रा पवित्र नदियों से जल लेकर प्रसिद्ध भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक करने की परम्परा पुरातनकाल से चली आ रही है। इस बार मां सिंहवाहिनी बोल बम समिति में कांवडियों की संख्या और अधिक बढने की उम्मीद है। उन्होने बताया कि लगातार 25 वर्षो से यात्रा कर रही मां सिंहवाहिनी बोल बम समिति से लगातार वनांचल क्षेत्र के युवा जुड़ रहे हैं और इस बार यह संख्या और अधिक बढने की उम्मीद है। बैठक में प्रमुख रूप रतनदेव उसराठे,बिंदा प्रसाद त्रिवेदी, लालाराम यदु, बृजेश तिवारी, ओमशंकर धुर्वे, संजू राजपूत, निमेष झारिया, अनिल देशमुख, राकेश निषाद आदि बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण व्यूरो की पहल, छात्रा को मिला छात्रावास



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदरपाल के मार्गदर्शन में 13 जुलाई 2024 को कवर्धा जिला के कुई कुकदुर तहसील पटौहा के प्री मैट्रिक कन्या आदिवासी छात्रावास में हॉस्टल अधीक्षिका से टीम के जिलाध्यक्ष मलाइका सिंह राजपूत एवं सदस्यों के साथ मुलाकात कर एक छात्रा कुमारी सुमिरत बैगा का एडमिशन कराया तथा छात्रावास का निरीक्षण कर बच्चो से टीम ने बातचीत की। साथ ही राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं नियंत्रण ब्यरो द्वारा अतिरिक्त सीटों की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण अधिक से अधिक बच्चे एडमिशन के लिए आते है लेकिन सीटों के अभाव के कारण बच्चो का एडमिशन नही हो पा रहा है। जिससे बच्चे पढ़ाई से वंछित हो रहे है। अतः इस कमी को देखते हुए शासन से मांग है कि जल्द से जल्द सीटों की व्यवस्था कराई जाए। ताकि दूर सुदूर जंगल इलाको में रहने वाले बच्चे पढ़ाई से वंचित न होकर अपना भविष्य को उज्जवल बना सके।

**शिक्षकों को अपने पसंद का स्कूल चयन करने का मिलेगा मौका**

# प्रधान पाठक पद पर पदांकन के लिए जिले में काउंसिलिंग 16 को




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छग टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से ईएलबी संवर्ग के सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नति के लिए पदांकन हेतु काउंसिलिंग आगामी 16 जुलाई को तय किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 12 जुलाई को जारी पत्र के अनुसार जिले के 93 सहायक शिक्षकों को पदोन्नत करते हुए काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया है। काउंसिलिंग के लिए प्राथमिकता क्रम तय किया गया है, जिसके अनुसार क्रमशः महिला दिव्यांग, पुरुष दिव्यांग, महिला गंभीर बिमारी, पुरुष गंभीर बिमारी, वरिष्ठता क्रम में शेष महिला व शेष पुरुष को स्कूल चयन का मौका मिलेगा। ज्ञातव्य हो कि टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सहायक शिक्षकों के पदोन्नति के मुद्दे को लेकर तीन दिन पूर्व 10 जुलाई को ही डीईओ से मुलाकात किया था, जिसके बाद पदोन्नति सूची व काउंसिलिंग तिथि जारी किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, राजेश तिवारी आदि पदाधिकारियों ने पदोन्नति के लिए स्थानीय विधायक व छग शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी योग दास साहू, विकासखण्ड अधिकारियों सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### काउंसिलिंग के लिए ऐसा होगा क्रम

पदोन्नति के लिए चयनित 93 सहायक शिक्षकों की सूची में दिव्यांगता के आधार पर दो महिला व पांच पुरुष तथा दो महिला सहायक शिक्षक को एकल महिला के तहत काउंसिलिंग के लिए सूची में प्राथमिकता देते हुए क्रमांक एक से नौ तक क्रम में रखा गया है, तत्पश्चात शेष 41 महिला व 43 पुरुष सहायक शिक्षक को स्थान दिया गया है।

### आत्मानंद स्कूल में होगा काउंसिलिंग

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि पदोन्नति के बाद शाला चयन के लिए काउंसिलिंग हेतु सहायक शिक्षकों को 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे से स्थानीय रानी दुर्गावती चौक स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बुलाया गया है।

# काम पर लौटे तहसीलदार व नायब तहसीलदार

- दो लंबित मांगे पूरी नहीं हुई तो 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले अपनी आधा दर्जन मांगों को लेकर गत 10 जुलाई से तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल में बैठक जिले भर के तहसीलदार व नायब तहसीलदारों ने 12 जुलाई को अपनी हड़ताल स्थगित कर दी है और वापस काम में लौट आए है।

तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के वापस काम पर लौटने से लोगों ने राहत की सांस ली है। हड़ताल से वापस लौटे संघ के जिलाध्यक्ष विवेक गोहिया ने बताया कि तीसरे दिन संघ के प्रांताध्यक्ष नीलमणि दुबे ने अपनी कार्यकारिणी के साथ राजस्व सचिव से मुलाक़ात की और अपनी संघ की मांगों पर बिंदुवार चर्चा की। मुलाकात के बाद प्रांताध्यक्ष ने जानकारी दी है कि संघ की प्रमुख मांगो में शामिल तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर प्रमोशन में 50:50 को लेकर एवं नायब तहसीलदारों को राजपत्रित बनाए जाने को लेकर राजस्व सचिव ने फ़ाईल आगे बढ़ा दी है।

इसके साथ ही जजेस प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की फाईल आगे बढ़ी है। संघ ने राजस्व सचिव की इस पहल का स्वागत किया और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया परन्तु तहसीलदारों की न्यायालय वार सुरक्षा एवं अधीक्षक सहायक अधीक्षक भू अभिलेख को तहसीलदार बनाए जाने एवं तहसीलदार नायब तहसीलदार को उनके पद के विपरीत अटैच किए जाने के संबंध अभी तक किसी भी प्रकार के ठोस कदम ना उठाए जाने पर 10 दिवस का अल्टीमेटम दिया है। 10 दिवस के भीतर यदि सभी राजस्व न्यायालयों में सुरक्षा के इन्तज़ाम नहीं किए जाते एवं तहसीलदार नायब तहसीलदारो का निर्वाचन इत्यादि से अटैचमेंट समाप्त नहीं किया जाता एवं अधीक्षक सहायक अधीक्षक को तहसीलदार नायब तहसीलदार के पद से नहीं हटाया जाता तो प्रदेश भर के समस्त तहसीलदार नायब तहसीलदार 22 तारीख़ से इन दो प्रमुख मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।